तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

10 हड़ताल पर गए 150 से ज्यादा सोसाइटी ...



14 एसआईआर : अफसरों का दबाव, बिना फार्म बांटे ...



# शहर की ठंड रिकार्ड के करीब, 11 साल में दूसरी बार 14 डिग्री से नीचे उतरा न्यूनतम पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवंबर में पड़ रही इस बार की ठंड शहर में रिकार्ड बनाने के करीब पहुंच गई है। 11 साल में दूसरी बार न्यूनतम तापमान 14 डिग्री से नीचे जा रहा है। अंबिकापुर और आसपास के इलाकों में सुबह-सुबह पाला जमने की स्थिति बनी हुई है। वहां के दिन और रात के तापमान में करीब 20 डिग्री का अंतर है। सोमवार से ठंड से राहत मिलने की संभावना बन रही है। प्रदेश में ठंड की शुरुआत जोरदार ढंग से हुई है और उत्तर से आने वाली शुष्क हवा ने सभी को ठिठुराकर रख दिया है। सप्ताहभर से महसूस हो रही ठंड लगातार बढ़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में तापमान 13 डिग्री तक पहुंचा था। यानी 11 साल में दूसरी बार न्यूनतम तापमान नवंबर के महीने में इतना नीचे उतरा है। कुछ इसी तरह के हालात अंबिकापुर समेत उत्तरी इलाके में बना हुआ है। अंबिकापुर का तापमान शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात 7 डिग्री दर्ज किया है। वहां के साथ सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कई इलाकों में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा का आगमन लगातार जारी है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जारी है ठंड का दौर, दो दिन बाद ही राहत मिलने के आसार

### लंबे समय बाद ठंड का लंबा दौर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक नवंबर के दूसरे सप्ताह में सामान्यतः ठंड का प्रभाव सरगुजा संभाग में अधिक महसूस होता है। धीरे-धीरे इसका विस्तार माह के अंतिम दिनों तक मध्य और बस्तर संभाग में होता है। पिछले साल तो ठंड पूरे सीजन में ज्यादा असर नहीं दिखा पाया था। इस बार तो ठंडी हवा सीधे बस्तर तक पहुंच चुकी है। काफी साल बाद ऐसा हुआ है जब नवंबर में लंबी अवधि तक ठंड अपना असर दिखा रहा है। माना जा रहा है कि इस बार ठंड का प्रभाव ज्यादा रहेगा।





### न्यूनतम तापमान

| वर्ष | पारा |
|---|---|
| 2015 | 17.1 |
| 2016 | 14.0 |
| 2017 | 14.3 |
| 2018 | 15.0 |
| 2019 | डेटा नहीं |
| 2020 | 15.4 |
| 2021 | 15.2 |
| 2022 | 13.0 |
| 2023 | 17.5 |
| 2024 | 14.3 |
| 2025 | 13.3 अब तक |

## खबर संक्षेप

### सब्जी खरीदने गई महिला के साथ चेन स्नैचिंग

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी दुर्गा धीवर ने चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह बाजार में सब्जी खरीदने के लिए गई थी। इस दौरान मोपेड सवार दो बदमाश दुर्गा के करीब पहुंचे और महिला के गले से झपट्टा मारकर 60 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

### फैक्ट्री कर्मी की ऊंचाई से गिरकर हुई मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री कर्मी की छत पर शीट डालने के दौरान ऊंचाई से गिरने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीराम आर्यन कंपनी में कार्यरत बेमेतरा का मजदूर साहिल बारले (22) की ऊंचाई से गिरने पर मौत हुई है। साहिल तीन माह पूर्व 19 अगस्त को छत पर शीट डालने चढ़ा था।

# भारत-साउथ अफ्रीका वनडे की टिकट बिक्री 18 से, इस बार कीमतें पिछले साल से कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे वन डे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस मुकाबले में अब सिर्फ 18 दिन बचे हैं। मैच के टिकटों की बिक्री 18 नवंबर से ऑनलाइन शुरू होगी। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने दर्शकों को राहत देते हुए टिकट दरों में कमी की है। खासतौर पर स्टूडेंट्स के लिए टिकट की कीमत 700 से 800 रुपए के बीच रखी गई है, जबकि पिछली बार यह लगभग 1000 रुपए तक थी। अन्य दर्शकों के लिए लोवर और अपर सीट के ▶▶| शेष पेज 11 पर

- स्टेडियम में घास कटाई से लेकर स्क्रीन तक का काम शुरू, दर्शकों और खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

### डीआरएस और लाइव स्कोर के नई एलईडी स्क्रीन

वनडे मैच को लेकर स्टेडियम में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। दर्शक सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम जारी है। स्टेडियम में लगे टीवी स्क्रीन का सुधार कार्य किया जा रहा है। इस बार डीआरएस और लाइव स्कोर देखने के लिए आधुनिक एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिससे दर्शक और खिलाड़ी दोनों ही हर पल की जानकारी साफ़ तौर पर देख सकें। पिछली बार स्टेडियम में दो दिशाओं में 40 से 45 इंच की स्क्रीन लगाई गई थीं। इस बार स्क्रीन का आकार ▶▶| शेष पेज 11 पर

खास खबर



### टूटी हुई कुर्सियां बदली जाएंगी, रंगरोगन भी होगा

इस बार छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ स्टेडियम को दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाने की दिशा में कई सुधार कर रहा है। टूटी हुई कुर्सियां बदली जाएंगी और सफाई का काम भी शुरू होगा। बारिश के कारण गंदी हुई सीटों की सफाई सोमवार से शुरू होगी। पिछले साल करीब 7500 कुर्सियां बदली गई थीं, इस बार भी कुछ सीटों की मरम्मत और बदलाव होगा। संघ के अनुसार अधिकतर कुर्सियां अभी उपयोग के योग्य हैं। गोल्ड पास वालों को इस बार कुशन वाली सीटों की सुविधा मिल सकती है, वहीं कॉर्पोरेट बॉक्स में भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। स्टेडियम को सजाने के लिए रंगरोगन का कार्य भी शुरू किया जाएगा। मैदान से लेकर बाउंड्री वॉल तक नए रंग में रंगे जाएंगे।

### 6 से 7 एमएम तक घास की होगी कटाई

*स्टेडियम में मैदान की घास की कटाई शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की टीम पिच से लेकर पूरे ग्राउंड को मैच-रेडी बनाने में जुटी है। मैदान के कई हिस्सों में घास छोटी-बड़ी हो चुकी थी, जिसे अब दो मशीनों और मैनुअल तरीके से काटा जा रहा है। ग्राउंड केयरटेकर के अनुसार, इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के लिए मैदान की घास की ऊंचाई 6 से 7 एमएम तक रखी जाती है, ताकि गेंद की बाउंस और स्पीड सही बनी रहे। मैदान को पूरी तरह इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर तैयार करने के लिए संघ के ग्राउंड स्टाफ लगातार काम कर रहे हैं।*

सफर होगा आसान

# मुंबई की राह होगी और आसान, एक फरवरी से इंडिगो की चौथी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल में रायपुर-मुंबई के बीच सफर करने वाले यात्रियों को नई फ्लाइट का विकल्प मिलेगा। दोनों शहरों के बीच यात्रियों की काफी संख्या को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस एक फरवरी से चौथी उड़ान शुरू करने की तैयारी में है। यह फ्लाइट दोपहर के शेड्यूल में आवाजाही करेगी। चौथी फ्लाइट आने के बाद यात्रियों का सफर और आसान होने की उम्मीद है।



रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों से संचालित होने वाली फ्लाइटों में दिल्ली, मुंबई की डिमांड काफी रहती है। दिल्ली के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### 20 नवंबर को प्रभावित रहेगी उड़ान

मुंबई एयरपोर्ट में मानसून के बाद होने वाले रखरखाव की वजह से 20 नवंबर को विमानों का ऑपरेशन छह घंटे प्रभावित रहेगा। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रनवे बंद रहने की वजह से इस अवधि में आवाजाही करने वाले विमानों को री-शेड्यूल के साथ स्थगित भी किया जाएगा। इस अवधि में रायपुर के लिए आवाजाही करने वाली एक उड़ान प्रभावित रहेगी।






**खबर संक्षेप**



## छात्र ने बनाया सौर ऊर्जा आधारित मोबाइल चार्जर

**रायपुर।** पं. गिरजाशंकर मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुरा के छात्र ने सौर ऊर्जा पर आधारित मोबाइल चार्जर बनाया है। यह चार्जर आपातकालीन स्थिति या बिजली नहीं होने मोबाइल को चार्ज करने में सहायक होगा। स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र लक्ष्मण देवांगन ने जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला में हरित ऊर्जा पर आधारित मॉडल में यह चार्जर प्रदर्शित किया। लक्ष्मण देवांगन ने बताया कि यह मॉडल सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा के रूप में बदलने के सिद्धांत पर कार्य करता है। इसके माध्यम से सौर ऊर्जा से मोबाइल फोन चार्ज कर सकते हैं। ऐसा करना हमारे पर्यावरण के लिए अनुकूल है। इस सौर चार्जर को पोर्टेबल होने के कारण कहीं भी ले जा सकते हैं। एक बार इसे ले लेने के बाद लम्बे समय तक फोन चार्ज किए जा सकते हैं।

# हड़ताल पर गए 150 से ज्यादा सोसाइटी प्रभारी बर्खास्त!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए उपार्जन केंद्र समितियों के प्रबंधकों के विरुद्ध प्रदेश में कार्रवाई होनी शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में लगभग 150 समितियों के प्रभारियों की सेवा समाप्त कर दी गई हैं। हालांकि इसकी अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। इधर एक ओर जहां समितियों के प्रभारियों को हटाने की कार्रवाई की खबर आ रही है, वहीं दूसरी उपार्जन केंद्रों में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जिन अधिकारियों की प्रभारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है, उनमें भी कई अधिकारी उपार्जन केंद्र ही नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि आदेश का पालन नहीं करने वाले ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

### वैकल्पिक व्यवस्था में ड्यूटी नहीं पहुंचने वाले अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज


फाइल फोटो

### रायपुर में ग्राम गनियारी समिति के प्रभारी किए गए बर्खास्त

जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. गनियारी समिति के प्रभारी कौशल वर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में बोर्ड ने जारी आदेश में कहा है कि कौशल वर्मा को जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण धान खरीदी कार्य प्रभावित होने पर तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में पूर्व में उन्हें शो कॉज नोटिस भी जारी किया था। इसके बावजूद उन्होंने न तो कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई गई और न ही लिखित जवाब प्रस्तुत किया। उनकी लगातार अनुपस्थिति से समिति में धान उपार्जन की तैयारी, रबी ऋण वितरण, खाद–बीज वितरण तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े आवश्यक कार्य प्रभावित हुए। इसे समिति ने व्यापक लोकहित के विपरीत और गंभीर दुराचरण मानते हुए यह निर्णय लिया है।

### चारों ब्लॉक में कार्रवाई की खबर

सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिले में कौशल वर्मा के अलावा जिले के अन्य तीन ब्लॉक में एक-एक समिति प्रभारी को बर्खास्त किया गया है। इसके अलावा उपार्जन केंद्रों में नियुक्त किए गए तीन अधिकारियों को ड्यूटी पर नहीं पहुंचने के कारण कार्रवाई किए जाने की जानकारी भी मिल रही हैं। हालांकि अन्य ब्लॉक के समिति प्रभारियों को बर्खास्त करने तथा नियुक्त अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर प्रशासन स्तर पर जानकारी नहीं मिल पाई है।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा प्रारंभ देशभर में 25 हजार किमी का सफर करेगी तय

**कैट और स्वदेशी जागरण मंच का नागपुर से राष्ट्रव्यापी अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कैट और स्वदेशी जागरण मंच की ओर से देशव्यापी स्वदेशी संकल्प यात्रा की शुरुआत शनिवार से की गई। देशभर में यह यात्रा 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी। स्वदेशी बेचें और स्वदेशी खरीदें के कंसेप्ट आधारित राष्ट्रव्यापी अभियान का आगाज नागपुर से हुआ।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ-आत्मनिर्भर भारत बनाओ के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कैट और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त आयोजन में देशव्यापी "स्वदेशी संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई। प्रथम चरण में यह यात्रा महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली एवं राजस्थान पहुंचेगी। इसके बाद अन्य राज्यों में भी यह आयोजित होगी। देश भर के विभिन्न राज्यों में करीबन 25 हजार किलोमीटर की स्वदेशी संकल्प यात्रा रहेगी ।

### स्वदेशी बेचें, स्वदेशी खरीदें का कांसेप्ट



कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व में जब डिजिटल भुगतान का आह्वान किया तब कैट ने देश के विभिन्न राज्यों में डिजिटल भुगतान यात्रा आयोजित की। इस दौरान करीबन 22 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की गई। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी भरतिया,स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सतीश कुमार और किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता विपुल त्यागी द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, मध्यप्रदेश के महामंत्री राजीव खंडेलवाल सहित नागपुर तथा आसपास के जिलों के प्रमुख व्यापारी संगठनों, प्रोफेशनल संगठनों, उपभोक्ता संगठन, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आरडब्ल्यूए संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव में बृजेश नाथ सहित तीन विजयी घोषित

**चुनाव प्रक्रिया तीन महीने से जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल का तीन महीने से जारी चुनाव का परिणाम सामने आने लगा है। स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में रायपुर जिला न्यायालय के आठ अधिवक्ता भाग्य अजमा रहे हैं। भाग्य अजमा रहे रायपुर के आठ अभ्यर्थियों में से एक अभ्यर्थी ने जीत हासिल की है। तीन अभ्यर्थी अन्य अभ्यर्थियों को कांटे की टक्कर दे रहे हैं।



स्टेट बार काउंसिल चुनाव में रायपुर के अधिवक्ता बृजेश नाथ पाण्डेय ने जीत हासिल की है। चुनाव में 25 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। राज्य के 105 अधिवक्ता चुनाव में भाग्य अजमा रहे हैं। वोटों की गिनती 13 अक्टूबर से जारी है। बार काउंसिल के चुनाव में जो दो अन्य वकील जीते हैं, उनका नाम कमल पटेल तथा शत्रुघन साहू है। फैजल रिजवी, विराट शर्मा, विवेकानंद भोई अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को कांटे की टक्कर दे रहे हैं।

## गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ने सीएम और आवास मंत्री का जताया आभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा संचालित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना तथा नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भवनों, फ्लैटों के विक्रय नियमों में मंत्रि परिषद द्वारा महत्वपूर्ण संशोधन अनुमोदित किए गए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य अविक्रित भवनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना तथा अधिक से अधिक नागरिकों को आवास उपलब्ध कराना है। नए प्रावधानों के अनुसार, ईडब्ल्यूएस एवं एलआईटी वर्ग के जिन भवनों, फ्लैटों का तीन बार विज्ञापन के बाद भी विक्रय नहीं हुआ है, उन्हें अब निर्धारित पात्र हितग्राहियों के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के इच्छुक नागरिकों को विक्रय किया जा सकेगा। हालांकि, शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान का लाभ केवल मूल निर्धारित आयवर्ग अर्थात ईडब्ल्यूएस एवं एलआईटी के हितग्राहियों को ही उपलब्ध रहेगा। इन नीतिगत सुधारों के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा आवास मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उनके साथ हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त अवनीश शरण भी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आम आदमी पार्टी ने की छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की शुरुआत शनिवार को राजधानी के कलेक्टोरेट स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। यह यात्रा 15 नवंबर से 19 नवंबर तक चलेगी। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई। यात्रा रायपुर से कोंडागांव-बीजापुर-सुकमा-दंतेवाडा होते हुए जगदलपुर में इसका समापन होगा।

शहर से आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा शुरू की। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा का धमतरी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने तेजेंद्र तोड़ेकर के नेतृत्व में स्वागत किया। यह यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा वार होगी। यात्रा का नेतृत्व कर रहे उत्तम जायसवाल ने कहा है कि आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वीर बिरसा मुंडा की 150 जयंती पर यात्रा प्रारंभ हुई है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के जल जंगल और जमीन को बचाना है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जिस तरह से आदिवासियों के हितों को कुचला जा रहा है उसके विरोध में आम आदमी पार्टी आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ेगी।

- कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में निकाली यात्रा

शनिवार से शुरू हुई छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, प्रदेश महासचिव वदूद आलम ,देवीलाल नरेटी - प्रदेश महासचिव संगठन,भानु प्रकाश चंद्रा ,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,मेहराज सिंह वट्टी - प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गा झा - प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, तेजेंद्र तोड़ेकर, प्रदेश संगठन मंत्री, मिथिलेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के अलावा ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुन्ना बिसेन, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष इमरान खान, प्रदेश संगठन मंत्री राजू सलम, समीर खान, घनयाम चंद्राकर, पवन चंद्रवंशी, जगन्नाथ महिलांग, भुवनेश्वर डहरिया, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



## खबर संक्षेप



### बस्तर के हिंदू राष्ट्र मोर्चा में शिवसेना हुई शामिल

**आरंग।** शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में हिंदू राष्ट्र मोर्चा रथ बस्तर के दंतेवाड़ा से मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया गया। हिंदू राष्ट्र मोर्चा 11 नवंबर को दंतेवाड़ा से चलकर गीदम, जगदलपुर, 12 नवंबर को बस्तर, कोंडागांव, 13 नवंबर को केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, कोरार, चारामा, धमतरी तथा 14 नवंबर को धमतरी शहर से कुरूद, अभनपुर होते हुए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुँची। इस हिंदू राष्ट्र मोर्चा की प्रमुख माँगें थीं हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए, वनांचल क्षेत्र तथा पूरे प्रदेश में धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए इन्हीं माँगों को लेकर यह यात्रा निकाली गई थी। जिसमें शिवसेना के आरंग विधानसभा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, देवा साहू, भुनेश्वर लोधी, मोहित चक्रधारी, धर्मेंद्र धीवर, राजा तोड़े, रिंकू यादव, राकेश चंद्राकर, रूपेश धीवर, रेखराज अग्रवाल, उजाला धीवर, कमलेश निर्मलकर, कोमल यादव, बादल निषाद सहित शिवसैनिक उपस्थित थे।

### सतनामी समाज की बैठक आज

**आरंग।** सतनामी समाज विकासखंड आरंग की महत्वपूर्ण बैठक 16 नवंबर को 12 बजे सतनाम भवन आरंग में आयोजित की जाएगी। बैठक में आगामी 15 दिसंबर को होने वाली सतनाम शोभायात्रा की तैयारी, रूपरेखा और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक में समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक ग्राम प्रमुख, राजमहन्त, छड़ीदार, साटीदार, पदाधिकारी, युवा वर्ग तथा मातृशक्ति सहित समाज के समस्त गणमान्य जनों की उपस्थिति अपेक्षित है। उक्त जानकारी सतनामी समाज विकासखंड आरंग के अध्यक्ष यशवंत टंडन ने दी।

## धान खरीदी : धरसींवा धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ

# यह केवल खरीदी नहीं है, बल्कि किसान के मेहनत का सम्मान : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

शनिवार को धरसींवा विधानसभा में धान खरीदी केंद्र पर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी केन्द्र का भव्य शुभारंभ विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। विधायक ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्धि का यह सफर आज फिर एक नई उम्मीद और किसानों के अटूट विश्वास की रोशनी के साथ आगे बढ़ रहा है।

कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया आज से विधिवत प्रारंभ हो गई है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के प्रभावी प्रबंधन के अंतर्गत इस वर्ष भी खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप में शुरू हो गई है। सशक्त किसान, समृद्ध प्रदेश की भावना के अनुरूप किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी सुनिश्चित की गई है। धान केंद्र में किसानों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से लागू की गई हैं, ताकि अन्नदाताओं को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। समयबद्ध और पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया किसानों को राहत प्रदान करेगी और उनके कृषि कार्यों में स्थिरता एवं आर्थिक उन्नति को नई गति देगी। मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की किसान-हितैषी नीतियां अन्नदाताओं के लिए मजबूत और भरोसेमंद व्यवस्था की आधारशिला हैं। पूरे धरसींवा क्षेत्र के किसान भाई उत्साह से भरे हुए हैं। यह केवल खरीदी नहीं, किसान के मेहनत का सम्मान है। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, कृषक सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष कौशल साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन, तहसीलदार बाबूलाल कुरै, पर्यवेक्षक भोला प्रसाद सोनी, बैंक प्रबंधक चक्रधारी सिंह ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, पुरुषोत्तम यादव, यसवंत वर्मा, पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, पार्षद मोहन प्रजापति, पूर्व पार्षद योगेश साहू, पार्षद ईश्वर यादव, मुकेश सिन्हा, ललित सायतोड़े, छेदी साहू, चंद्रकांत साहू, सहित किसान व भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।





### रीवा उपार्जन केंद्र में दमदार शुरुआत, 1605 कट्टा धान की खरीदी

**आरंग।** सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद धान उपार्जन केंद्र रीवा (आरंग) में शनिवार से प्रारम्भ हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत जोरदार रही। पहले ही दिन 9 किसानों से 1605 कट्टा यानी 642 क्विंटल धान खरीदा गया। खरीदी की इस प्रभावशाली शुरुआत ने किसानों में विश्वास और उत्साह दोनों बढ़ाया।खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत ज्योति सिंग नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार रायपुर, सहकारी समिति रीवा के प्राधिकृत अध्यक्ष सुरेंद्र नशीने, रीवा के प्रगतिशील किसान द्वारिका साहू, पटवारी सन्तराम साहू व जय सिंह मरावी एवम खरीदी केंद्र में मौजूद बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति में तौल–बाट की विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सुबह से ही किसानों की ट्रॉलियाँ उपार्जन केंद्र में पहुँचने लगीं। हड़ताल की स्थिति के बावजूद केंद्र प्रभारी व उपलब्ध कर्मचारियों ने खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया। तोल कांटे और भंडारण परिसर में पूरे दिन हलचल बनी रही। किसानों ने कहा कि वर्ष भर की मेहनत का उचित मूल्य तभी मिलता है जब धान की खरीदी समय पर शुरू हो। समर्थन मूल्य पर खरीदी के पहले दिन से ही शुरुआत होने पर किसानों में संतोष दिखाई दिया। कई किसानों ने इसे "समय पर मिली बड़ी राहत" बताया। सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल के कारण खरीदी प्रभावित होने की आशंका थी।

### सूर्यास्त के बाद भी धान कटाई व परिवहन का सिलसिला जारी

**आरंग।** लखौली-आरंग खेतों में हार्वेस्टर मशीनों की तेज़ गड़गड़ाहट के बीच धान कटाई ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ ली है। मौसम खुलते ही किसान पूरी ताकत से कटाई में जुट गए हैं। खेतों में सुनहरी फसल झूमती दिखाई दे रही है और कटाई के साथ खेतों में रौनक लौट आई है।फसल तैयारी के चरम सीजन को देखते हुए किसान समय गंवाना नहीं चाहते। यही वजह है कि कई गांवों में सूर्यास्त के बाद भी रात 7 बजे तक हार्वेस्टर मशीनों से धान कटाई जारी रहती है। हारवेस्टर की तेज रोशनी के चलते रात में भी तेजी से कटाई कराई जा रही है, ताकि मौसम बदले उससे पहले उपज सुरक्षित की जा सके।इस बार किसानों की मांग को देखते हुए गांव–गांव में हार्वेस्टर की संख्या भी बढ़ गई है। उदाहरण बतौर कुकरा गांव में आज की तिथि में 7 हार्वेस्टर मशीनें धान कटाई के लिए तैयार खड़ी रहती हैं। पूरे क्षेत्र में मशीनें लगातार एक खेत से दूसरे खेत तक दौड़ रही हैं।जहाँ तक नज़र जाती है, कट चुकी फसलों की सुनहरी परत खेतों में बिछी दिखती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक और अब रात में भी मशीनों के चलने से खेतों में कार्यशीलता चरम पर है। धान कटाई की तेज रफ्तार ने गांवों में एक बार फिर वह पुराना उत्साह लौटा दिया है। महिलाएँ दाने सुखाने व सफाई में जुटी हैं, जबकि पुरुष कटाई और ढुलाई संभाल रहे हैं। हार्वेस्टर की गड़गड़ाहट, खेतों में फैली सुनहरी चमक और रात तक जारी कटाई यह बताती है कि ग्रामीण अंचल में धान कटाई अब पूरी रफ्तार में है।

## विद्या भारती का सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित...



**रायपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर माना कैंप में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में सभी मातृशक्ति (महिलाएं/माताएं) सम्मिलित हुईं, जो विद्या भारती के शैक्षिक और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका को दर्शाता है।

# सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय में बाल दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा (अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन), अध्यक्षता पुष्कर साहू (सभापति, सामान्य प्रशासन एवं विधि विभाग, नगर पालिका परिषद आरंग) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र गोलू कंडरा (पार्षद वार्ड 11) एवं उमाकांत यादव (पार्षद वार्ड 2) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और पं. जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं आरती के साथ किया गया।

सरस्वती वंदना और स्वागत गीत श्रेया एवं ईशा द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रधान पाठिका देवकुमारी यादव ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए जिसमे दौड़ (पीपी1) एस. कुमार प्रथम, दीक्षा मनहरे द्वितीय, दौड़ (पीपी2) योगेश प्रथम, रैमन बंजारे द्वितीय, पहली कक्षा बोतल दौड़ अन्नपूर्णा बंजारे प्रथम, योगेश्वर द्वितीय, दूसरी कक्षा लंगड़ी दौड़ प्रतीक प्रथम, जलेंद्र द्वितीय, तीसरी कक्षा बोतल सजावट लक्ष्य प्रथम, महावीर द्वितीय, चौथी कक्षा कुर्सी दौड शिवानी प्रजापति प्रथम, राहुल द्वितीय, पाँचवीं कक्षा राहुल प्रथम, मानिक द्वितीय, छठवीं कक्षा स्लो साइकिलः तामेश्वर प्रथम, हिमांशु द्वितीय, रस्सी कूद यास्मीन प्रथम, भारती द्वितीय, जोड़ी बनाना कुंदन धनंजय प्रथम, यश द्वितीय, सातवीं कक्षा कंचन प्रथम, आरती द्वितीय, आठवीं कक्षा मकड़ी दौड़ः श्रेया, बबिता, कामिनी प्रथम; इशा, यशु, तुलसी द्वितीय, बाल पकड़ना दामिनी ग्रुप प्रथम, फैंसी ड्रेस (पीपी1) वासुकी प्रथम, चैत्रा द्वितीय, प्राथमिक (फैंसी ड्रेस) आविसी प्रथम, शिवानी द्वितीय पूर्व माध्यमिक (फैंसी ड्रेस) मुस्कान प्रथम, मोनिका द्वितीय रहे। बाल दिवस पर शाला विकास समिति द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। समिति अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि संस्था बच्चों के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है।



### लखौली में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**आरंग।** विवेकानंद विद्या मंदिर लखौली में शनिवार को बाल दिवस उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव ब्रह्मचारी नंदकुमार महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद बच्चों ने गीत, कविता, कहानी, भाषण और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने जोश के साथ भाग लिया। कुर्सी दौड़ मे महेश धीवर प्रथम, मयंक साहू द्वितीय, फुगड़ी मे अनन्या धीवर प्रथम, बिंदी लगाओ मे जानवी साहू प्रथम, स्ट्रॉ डालना मे विहान नौरंगी प्रथम, शिवम साहू द्वितीय, सुई-धागा पिरोना मे एकलव्य प्रथम, चंद्रजीत बंजारे द्वितीय, मोमबत्ती प्रतियोगिता मे जागृति साहू प्रथम, दिव्यांशी प्रजापति द्वितीय, पिकल प्रतियोगिता मे शिवम दल विजेता रहे।

## आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी विकास से भारत बनेगा स्वावलंबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

शनिवार को धरसींवा विधानसभा के ग्राम मांढर में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर संकल्प भारत बैठक आयोजित किया गया जिसमें धरसींवा विधायक अनुज शर्मा व मोतीलाल साहू मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए और कार्यकर्ताओं और जनता के बीच नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एक ऐसा विचार है जो भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से स्वावलंबी बनाने का संकल्प है। आत्मनिर्भरता का अर्थ है कि एक राष्ट्र अपनी आवश्यकताओं को स्वयं पूरा करने में सक्षम हो और बाहरी सहायता पर निर्भर न रहते हुए अवश्यकतानुसार राष्ट्र के माँगो को पूरा कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम अपनी जरूरतों को स्वयं पूरा करने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य था देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, ताकि भविष्य में किसी भी संकट का सामना किया जा सके। इस अभियान के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए कई नीतिगत निर्णय लेकर कई योजनाओं को प्रारंभ किया गया हैं। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा और उद्योग के क्षेत्र में विशेष रूप से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह अभियान 'लोकल फॉर वोकल' को भी प्रोत्साहित करता है, जिसका तात्पर्य है कि हमें देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें वैश्विक बाजार में अलग पहचान देना। प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्पष्ट किया है कि भारत जब आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो आत्मकेंद्रित व्यवस्था की वकालत नहीं करता, बल्कि दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उसकी मदद करना चाहता है।

## संभागायुक्त कावरे ने धान खरीदी का किया शुभारंभ



**अभनपुर।** रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना क र सहकारी समिति अभनपुर मे धान खरीदी का शुभारंभ किया गया तथा उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिया कि धान ब्रिकी के लिए पहुंचे सभी किसानो की धान खरीदी की जाये तथा पचेड़ा समिति मे पंजीयक कुलदीप शर्मा,उपपंजीयक पूर्णिमा सिंह,शशि कुमार यादव द्वारा किया गया। अभनपुर ब्रांच के तीन समितियो मे किसान धान लेकर पहुंचे थे लेकिन समितियो मे कर्मचारियो के हड़ताल के कारण नोडल अधिकारी एसडीएम ने अन्य विभाग के कर्मचारी व प्राइवेट हेमालो के माध्यम से किसानो की देर रात तक धान खरीदी की गई लेकिन आने वाले सोमवार से धान ब्रिकी करने वाले किसान अधिक संख्या मे पहुंचने पर अस्थायी व्यवस्था से खरीदी कर पाना संभव नही दिख रहा है,जिन कर्मचारियो की ड्यूटी लगी है वह धान खरीदी की प्रक्रिया से बिल्कुल अनभिज्ञ है अभनपुर ब्रांच के तीन समिति अभनपुर 262 क्वंटिल,केन्द्री 269 क्विंटल 494 क्विंटल धान खरीदी हुई है बाकी समितियो मे धान खरीदी अव्यवस्था के चलते किसान धान लेकर नही पहुंचे।

### गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल रीवा में मनाया गया बाल दिवस



**आरंग।** गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में मंगलवार को बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित कर नेहरू जी के जीवन, कार्यों तथा छत्तीसगढ़ से जुड़े सामान्य ज्ञान के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद, फैंसी ड्रेस और मनोरंजक गतिविधियाँ भी रखी गईं। दोपहर में विद्यार्थियों को सामूहिक भोज कराया गया, जिसमें बच्चों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन और अपने पसंद का भोजन मिल-बाँटकर आनंदपूर्वक किया। बाद में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गीत, कविता एवं भाषण के माध्यम से पंडित नेहरू के व्यक्तित्व, बाल-प्रेम तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों को चॉकलेट और पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी, प्रधानपाठक खान सर सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### बाल दिवस पर कुहेरा में बच्चों ने खाया न्योता भोज



**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुहेरा में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा, बीआरसीसी एम.एन. वर्मा, सीएसी सुरेंद्र सिंह, चंद्रसेन, मनोज मुछावड़, शिक्षकगण कमलेश ध्रुव, नीता साहू, ओमलता शर्मा, योगेश कुमार वर्मा, सरपंच राजेश कुमार साहू, एसएमसी अध्यक्ष दीपक साहू तथा सदस्यगण भरत चंद्राकर, लखन लाल साहू, प्रेम कोशले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को नमन किया गया। शाला परिवार की ओर से बच्चों के लिए आंशिक न्यौता भोज का आयोजन किया गया।

पेज 09 के शेष...

### शहर की ठंड ....

इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले, राजनांदगांव और दुर्ग जिलों में एक दो पैकेट्स में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। 17 नवंबर से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना बन रही है।

### भारत-साउथ अफ्रीका....

टिकट 1500 से 2000 के बीच शुरू होंगे, जबकि पवेलियन और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20 हजार रुपए तक जा सकते हैं। विशेष टिकट लेने वालों को पिछली बार की तरह इस बार भी कॉम्पलिमेंट्री फूड की सुविधा दी जाएगी। पिछले मैच में ऑनलाइन टिकट बुकिंग के बाद फिजिकल टिकट लेने के लिए दर्शकों को लंबी लाइन में लगना पड़ा था। इस बार ऐसी परेशानी न हो, इसके लिए टिकट वितरण की नई और सुगम व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिससे लोग आसानी से टिकट खरीदकर मैच का आनंद ले सकें। रायपुर वासियों के बीच इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर कोई अपने शहर में एक बार फिर इंटरनेशनल क्रिकेट मैच का गवाह बनने को तैयार है।

### डीआरएस और ....

और गुणवत्ता बेहतर होगी।स्कोरबोर्ड की भी मरम्मत और रंग-रोगन किया जा रहा है ताकि यह अधिक स्पष्ट और आकर्षक दिखे। साथ ही, दर्शकों की सबसे बड़ी परेशानी यानी मोबाइल नेटवर्क की समस्या को भी दूर करने की तैयारी है। पिछले मैचों में लोग कॉल या इंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए स्टेडियम से बाहर तक जाते थे, क्योंकि परिसर में नेटवर्क बेहद कमजोर था।

### मुंबई की राह ....

लिए अब नियमित रूप से आठ उड़ान का संचालन किया जाता है। अभी मुंबई रायपुर के बीच निजी एयरलाइंस अपनी तीन उड़ानों का संचालन करता है। सामान्य दिनों में भी दोनों शहरों के बीच का किराया दस हजार से अधिक होता है और पीक सीजन में तो इसका किराया दो से ढाई गुना तक पहुंच जाता है। यात्रियों की संख्या और डिमांड को ध्यान में रखते हुए इंडिगो ने रायपुर से नवी मुंबई के बीच एक फरवरी से चौथी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। यह फ्लाइट दोपहर के शेड्यूल में आवाजाही करेगी। रायपुर-मुंबई के बीच विमानों की संख्या बढ़ाने की मांग काफी समय से की जा रही थी। दो साल पहले एयर इंडिया की मुंबई-रायपुर- विशाखापट्नम की उड़ान बंद होने के बाद दोनों शहरों के बीच का चौथा संपर्क टूटा था। एक फरवरी से शुरू होने वाली यह फ्लाइट 6ई 2283 बनकर नवी मुंबई से दोपहर 12.50 बजे रवाना होकर 14.35 बजे रायपुर में लैंड होगी। वहीं वापसी के दौरान 6ई22844 बनकर यह दोपहर 3.05 बजे टेकऑफ होकर शाम 5.05 बजे मुंबई में लैंड होगी। विमानन अधिकारियों के अनुसार यह समय व्यापारी, छात्रों और मेडिकल ट्रैवलर्स के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। वर्तमान में रायपुर से मुंबई की तीन फ्लाइट सुबह 8.40 बजे, 9.40 और शाम 5.355 बजे संचालित होती है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील - धरसीवा प.ह.न. - 00004 देवरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440715900003

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम देवरी के वर्तमान भूमिस्वामी गौरी बाई पिता/पति स्व. सुशील वर्मा पता रमशीला वर्मा पिता/पति शंकरलाल वर्मा पता-, कमलनारायण उर्फ़ कोमल वर्मा पिता/पति - सुशील वर्मा पता, लक्ष्मीबाई पिता/पति-शंकरलाल वर्मा पता- सावित्री पिता/पति - सुशील वर्मा पता- मधु वर्मा पिता/पति - सुशील वर्मा पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 244/1(0.3040), 244/4(0.0320), 247/1(0.1820), 625/2(0.0970), 764/14 (0.4450) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता कमलनारायण उर्फ कोमल वर्मा पिता/पति - सुशील वर्मा पता, लक्ष्मी बाई पिता/पति - शंकरलाल वर्मा पता, रमशीला वर्मा पिता/पति-शंकरलाल वर्मा पता- सावित्री पिता/पति - सुशील वर्मा पता-, गौरी बाई पिता/पति-स्व.सुशील वर्मा पता-, मधु वर्मा पिता/पति - सुशील वर्मा पता-सा देह के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
Babulal kurrey

**:: आम सूचना ::**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री विजय कुमार साहू पिता स्व. मातादीन साहू निवासी- महावीर चौक, हरि किराना स्टोर्स के पास, वार्ड नं.- 51, ग्राम- लालपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम-धतरेंगा, प.ह.नं. 84, रा.नि.मं. रायपुर-18, कांदुल, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 88/5 रकबा 0.0456 हे. अर्थात 4900 वर्गफुट भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में भूमिस्वामी के नाम से दर्ज है। को खरीदने का पक्का सौदा कर विक्रय इकरारनामा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है मात्र विक्रय बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम आदि को उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 14.11.2025

भवदीय
(संजय यादव)
अधिवक्ता
शॉप नं.-ओ.एम.-1, द्वितीय तल, अशोका मिलेनियम, रिंग रोड, राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. नं.- 9893933086,

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मूल भूमि स्वामी रूपनाथ साहू उम्र 62 वर्ष, पिता स्व. राधेश्याम साहू, निवासी ग्राम कोलर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. आधार नं. 5742 3985 5665 के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. खोरपा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा न. 161/5, रकबा 0.4580 हे. है, जिसका भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका क्र. पी. 636351 है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने मूल भूमि स्वामी रूपनाथ साहू एवं प्रस्तावित भूमिस्वामी वैष्णव ताण्डी उम्र 40 वर्ष पिता पाण्डव ताण्डी निवासी समता कालोनी, थाना आजाद चौक, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. आधार नं. 2869 3892 1756 से दिनांक 23.04.2025 को माननीय नोटरी महोदय के समक्ष इकरारनामा निष्पादित कर क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है एवं मेरे पक्षकार विक्रय विलेख के निष्पादन व पंजीयन के समय शेष विक्रय राशि अदा करने हेतु तत्पर एवं तैयार हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें केवल दैनिक सामाचार पत्र में खंडन कर लेना ही पर्याप्त नही होगा, बादमियाद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होवेगी एवं अवैध व शून्य मानी जावेगी। मयाद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो-सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 16/11/2025

भवदीय
दिविज छुटानी
अधिवक्ता
मो.नं. 9424210099

**बिक्री विलेख (Sale Deed)**
**गुम हो जाने की सूचना**
**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती नाज़नीन अफ़ज़ीन पति श्री शेख अमीर निवासी वार्ड नं. 06 माधव बस्ती, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) अपनी निजी संपत्ति खसरा नं. 230/18 (पुर्व खसरा नं 230/2 का भाग), क्षेत्रफल 750 वर्गफुट, जो कि ग्राम मणपुरेना, चंद्रशेखर आज़ाद वार्ड नं. 52, बोरीयाखुर्द, पटवारी हल्का नं. 00061, रा.नि.म. रायपुर. जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, के संबंध में यह सूचना देती हूँ।

उक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 29-03-2008, वॉल्यूम नं. 39959, सीरियल नं. 6584 गा, पृष्ठ 94 से 105, जो उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीकृत है, जिसे निम्न व्यक्तियों, हीरामन, प्रमोद, सुनील, लता, सुनीता, अग्नि, ललित, सतीश, बाहरीन सभी निवासी मणपुरेना, रायपुर (छ.ग.) द्वारा श्री रविंद्र बरवे पिता स्व. श्री गरीबा बरवे, निवासी मकान नं. 269, पुराना काशीराम नगर, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम विक्रय किया गया था।

यह पूर्व विक्रय विलेख कहीं गुम हो गया है, जिसे बहुत खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं किया जा सका। इस संबंध में सूचना पुलिस थाना में दर्ज करवाई जा चुकी है।

श्रीमती नाज़नीन अफ़ज़ीन द्वारा ऋण हेतु हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस, रायपुर के समक्ष आवेदन किया गया है।

अतः उक्त संपत्ति को बंधक रखे जाने पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था, सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो वे मेरे कार्यालय में 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

निर्धारित समय के बाद प्राप्त कोई भी आपत्ति अवैध व निरस्त मानी जाएगी।

सो सूचना जानें।

**अधिवक्ता प्रेम टंडन**
**पताः शॉप नं 101, प्रथम तल, बेबीलॉन टॉवर, वी.आई.पी. चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 8770067092**

मैं / हम अनुरोध करते/करती हू कि सार्वजनिक रूप से इस सुचना को स्वीकार कर लिया जाए और जो भी व्यक्ति / संस्था उक्त दस्तावेज के किसी भी प्रकार के उपयोग या हस्तांतरण के संदर्भ में कोई कार्रवाई करे, वह पहले मेरे / हमारे कार्यालय से संपर्क कर लेवें ।

धन्यवाद

**दिनांकः 15/11/2025**

हस्ताक्षर
नाम : प्रेम टंडन, अधिवक्ता
रेसी. एण्ड ऑफिस गुजरा, पोस्ट रीवा (लखोली) तह. आरंग,
जि. रायपुर (छ.ग.) 493441
मो. 8770067092

# राज्य में आठ हजार से ज्यादा पुराने वाहन स्क्रैप करने परिवहन विभाग ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के अलग-अलग विभागों के साथ शैक्षणिक संस्थानों के साथ निजी सार्वजनिक क्षेत्र में 15 वर्ष पुराने वाहनों की संख्या आठ हजार से ज्यादा है। ऐसे वाहनों को स्क्रैप पॉलिसी के तहत स्क्रैप करने परिवहन विभाग ने संबंधित विभागों के साथ लोगों को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत 15 साल पुराने वाहन संचालित करने पर पूरी तरह से रोक है। बावजूद इसके राज्य के अलग-अलग जिलों में सरकारी के साथ गैर सरकारी क्षेत्र में 15 साल पुराने वाहन रोड पर चल रहे हैं। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार पुराने वाहन को स्क्रैप करने संबंधितों को पत्र लिखा गया है। साथ ही कहा गया है कि कोई विभाग या संस्थान अपने यहां 15 साल से ज्यादा पुराने वाहन को किसी भी हालत में संचालित नहीं करें। जानकारों के अनुसार सरकारी विभागों में जो पुराने वाहन हैं, उसे रोड पर नहीं चलाया जा रहा है। ऐसे वाहन गैरेज में या खुले में पार्क कर दिए गए हैं। इस बात की जानकारी परिवहन विभाग को नहीं दिए हैं। इस वजह से 15 साल पुराने वाहनों की संख्या ज्यादा दिख रहा है।

## पुलिस तथा केंद्रीय सुरक्षा बल को छोड़ शेष विभागों को लिखा पत्र

### पुलिस तथा केंद्रीय फोर्स को इसलिए छूट

पुलिस तथा केंद्रीय सुरक्षाबलों के 15 साल पुराने वाहन को केंद्र सरकार ने स्क्रैप पॉलिसी से दूर रखा है। स्क्रैप पॉलिसी से दूर रखने की वजह पुलिस तथा केंद्रीय सुरक्षाबल का काम 24 घंटे इमरजेंसी सर्विस के लिए रहता है। पुलिस विभाग में ज्यादातर 15 साल पुरानी गाड़ियां रोड से उतर चुकी है। पुलिस विभाग में हर पांच से दस साल में नए वाहन खरीदी की जाती है।



### इसलिए लिखा पत्र

पुराने और खराब हो चुके वाहन वायु प्रदूषण और सड़क सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हैं। उन्हें स्क्रैप करने से प्रदूषण कम होता है और सड़कों पर वाहनों की गुणवत्ता में सुधार होता है। पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए, वाहन मालिक को स्क्रैपिंग सेंटर से पुष्टिकरण पत्र और वाहन की तस्वीरें लेनी होंगी। फिर, इन दस्तावेजों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में जमा करना होगा ताकि वाहन का पंजीकरण रद्द हो सके। पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के बाद नए वाहन खरीदने पर छूट मिलती है। निजी वाहनों के लिए, यह छूट लगभग 25 तथा व्यावसायिक वाहनों के लिए टैक्स में 15 प्रतिशत छूट है।

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी में अव्यवस्था से किसान परेशान, जिला कांग्रेस करेगी आंदोलन

**रायपुर।** विभिन्न धान खरीदी समितियों में किसानों को टोकन होने के बावजूद, कर्मचारियों की अनुपस्थिति और खरीदी की तैयारी में कमी के कारण धान नहीं खरीदा गया। इसका मतलब है कि किसानों द्वारा टोकन कटवाने के बावजूद, खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी, क्योंकि जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं थे और खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गई थीं। इसी प्रकार तिल्दा ब्लॉक के बरतोरी, खोना एवं धरसींवा ब्लॉक की नीलजा एवं कुकेरा समितियों में कर्मचारी नहीं आने के कारण धान बेचने से किसान वंचित हो गए। इस समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने शासन से की मांग की है अतिशीघ्र समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल समाप्त कराई जाए और उनकी जायज मांगों की पूर्ति कर किसान हित में निर्णय लिया जाए। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था कर्मचारी समितियों में उपस्थिति हुए हैं कि नहीं, जानकारी लेकर तत्काल संपर्क करें और किसानों के धान खरीदी करें। उन्होंने कहा कि यदि सोमवार से किसी प्रकार का किसानों को असुविधा होगी तो किसानों के साथ जिला कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने बाध्य होगी।

### न्यू राजेंद्र भवन में सतनामी समाज की बैठक आज

रायपुर। सतनामी समाज के समस्त संगठनों, विभिन्न समितियों एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक होगी। यह बैठक न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य अकादमी भवन में 16 नवंबर को दोपहर 1 बजे शुरू की जाएगी। बैठक में परंपरानुसार आगामी 16 दिसंबर को राजधानी में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा 18 दिसंबर को आयोजित जयंती महापर्व सहित महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय संगोष्ठी, अलंकरण समारोह आदि विषयों पर चर्चा कर सभी की सहमति व विचारों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## जगह तय, सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर में दो बाड़े

# स्ट्रीट डॉग को खिलाने-पिलाने शहर में 70 फीडिंग जोन, प्रत्येक जोन में 7 फीडिंग जोन

**फीडिंग जोन वाले जगह पर लगा रहे पोस्टर, लोग बचा हुआ खाना डाल सकेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आवारा और खूंखार कुत्तों के झुंड से परेशान शहर को राहत दिलाने नगर निगम अब प्रत्येक जोन में 7 फीडिंग जोन बनाएगा, जहां पर इन कुत्तों को खिलाने पिलाने के लिए लोग उस जगह पर बचा हुआ खाना डाल सकें। इस तरह 70 वार्ड में 70 फीडिंग जोन बनाना तय है। निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए शहरभर के 70 चिन्हांकित इलाकों की सूची तय कर दी है। जल्द ही संबंधित जगह पर पोस्टर लगाया जाएगा, ताकि शहरवासियों को इस बात की जानकारी हो सके कि स्ट्रीट डॉग के लिए बचा हुआ खाना कहां डाला जाए। इसके साथ ही सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम में अब दो अलग-अलग बाड़े बनाए जा रहे हैं, जिसमें से एक बाड़े में आवारा कुत्ते और दूसरे बाड़े में खूंखार और घायल कुत्तों को रखा जाएगा। डॉग शेल्टर संचालन के लिए नगर निगम ने स्वयंसेवी संस्था से अनुबंध कर इसकी व्यवस्था कर रखी है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमल करने नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में स्ट्रीट डॉग की भोजन व्यवस्था के लिए एक निश्चित जगह तय कर दी गई है। एक जोन में 7 स्थानों पर फीडिंग जोन की जगह रहेगी, इस तरह 70 वार्ड में 70 जगहों को चिन्हांकित कर लिया गया है। उस जगह पर पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। निगम के अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे ने बताया कि जोन के साथ समन्वय बनाकर हमने शहरभर में 70 जगहों को फीडिंग जोन के लिए चयनित कर लिया है। स्कूल, अस्पताल, बाजार क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड का क्षेत्र जहां बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, वहां आवारा कुत्तों के झुंड को रेस्क्यू कर समय-समय पर इनकी धरपकड़ डॉग केचर के माध्यम से कराई जाएगी। वहीं दुर्घटनाग्रस्त, बीमार और रेबीज संक्रमित कुत्तों को पकड़ कर सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर होम में रखा जाएगा। डॉग शेल्टर में पहले 77 स्ट्रीट डॉग के एक साथ रखने की व्यवस्था की गई थी। अब उसकी क्षमता बढ़ाकर 200 की जा रही है। इसके लिए डॉग शेल्टर होम के बाहर बाड़े बनवा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन इस तरह

- स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसरों को स्ट्रीट डॉग से मुक्त करना। एंट्री पाइंट पर इनकी आवाजाही रोकने बाड़ा बनाना।
- कुत्तों की सर्जरी नियमित रूप से करने अभियान चलाना।
- स्ट्रीट डॉग को खाना खिलाने वाले लोगों, एनजीओ के लिए हो फीडिंग जोन।
- डॉग शेल्टर होम की व्यवस्था करना अनिवार्य है।





### डॉग शेल्टर होम के लिए डॉक्टर की व्यवस्था

अपर आयुक्त विनोद पांडे ने बताया कि सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर होम के लिए नगर निगम ने 1 वेटनरी डॉक्टर की व्यवस्था की है। आने वाले समय में आपरेशन थियेटर को कंपलीट कर प्रारंभिक स्तर कुत्तों की सर्जरी शुरू कराई जाएगी। उन्होंने बताया दिसंबर तक रायपुर नगर निगम का पहला डॉग शेल्टर होम शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने निर्देश भी दिए हैं।

### कुत्ता पकड़ने गाड़ी खरीदेगा निगम टीम बढ़ाई जाएगी

नगरर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ बढ़ाने एक और डॉग केचर क्रय किया जाएगा। महापौर मीनल चौबे की पहल पर पंद्रहवें वित्त आयोग मद से डॉग केचर क्रय करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही आवारा कुत्तों को पकड़ने वालों की टीम बढ़ाई जाएगी।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने शुरू की स्वास्थ्य सुविधाओं की नई श्रृंखला



**रायपुर।** अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो नई पहल की शुरुआत की है। अस्पताल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रत्येक शनिवार सभी विभागों में मुफ्त ओपीडी की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके साथ ही बुजुर्ग मरीजों को मुफ्त शुगर व ईसीजी जांच, दवाइयों पर 10%, पैथोलॉजी पर 25% छूट, तथा व्यक्तिगत सहायता सेवा भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। दूसरी ओर अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से हेल्थ प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया है। इस कार्ड के तहत मरीजों को 2 फ्री ओपीडी, पैथोलॉजी, फार्मेसी, एचबोट और एडमिशन पर 10% तक की छूट, केवल 99 रुपए में ईसीजी, साथ ही बेसिक होम स्क्रीनिंग व फिजियोथेरेपी पर 15% छूट मिलेगी। हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा और कात्यायिनी शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं का लक्ष्य आम लोगों में छिपी बीमारियों का समय पर पता लगाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है।


### रायपुर में स्पोर्ट्स मोनिया एकेडमी का फुटबॉल इवेंट शुरू, 70 बच्चों ने दिखाया जोश



**रायपुर।** स्पोर्ट्स मोनिया एकेडमी द्वारा आयोजित फुटबॉल इवेंट की शुरुआत 13 नवंबर से हो चुकी है, जिसमें शहर के 70 बच्चों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई। प्रतिभागियों को फ्रेंचाइजी वाइज बांटकर अंडर-12 और अंडर-15 टीमों में शामिल किया गया है। खास बात यह है कि 7 से 9 वर्ष आयु वर्ग के नन्हे खिलाड़ी भी मैदान पर अपना शानदार प्रदर्शन दिखा रहे हैं। एकेडमी वर्ष 2017 से इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर रही है और हर साल बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस बार गर्ल्स टीम की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण रही, जो बेटियों की खेलों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 20 नवंबर को लाइव आयोजित होगा, जिससे बच्चों को बड़े मंच पर खेलने का अनुभव मिल सके। एकेडमी के डायरेक्टर और कोच सचिन जी ने बताया कि इवेंट का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें शुरुआती दौर से प्रोफेशनल ट्रेनिंग का अनुभव देना है।

### सेंट जोसेफ स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**रायपुर।** अमलीडीह स्थित सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दैनिक प्रार्थना के पश्चात हुई, जिसके बाद कक्षा शिक्षकों ने विद्यार्थियों का आरती व तिलक लगाकर हार्दिक स्वागत किया तथा सभी को मिठाई वितरित की। नन्हे विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षाप्रद फिल्म भी प्रदर्शित की गई। विद्यालय में फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, एकल हास्य, गायन और नृत्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिडिल कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में अर्पण दिव्यांग पब्लिक (मूक-बधिर) स्कूल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने वहां के बच्चों के जीवन-मूल्यों और चुनौतियों को करीब से समझा। इस अनुभव ने विद्यार्थियों को सहानुभूति और सेवा की भावना से प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग बच्चों को मिठाई और फल वितरित किए गए। साथ ही लायंस क्लब द्वारा विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों का स्वास्थ्य जांचा गया।



### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर सीएमई और लाइव वर्कशॉप



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने इन्टयूटिव कंपनी के सहयोग से 5वीं मंजिल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर सीएमई और लाइव वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित की। कार्यक्रम में रेडिकल हिस्टरेक्टॉमी, ओवेरियन सिस्टेक्टॉमी और बड़े फाइब्रॉइड्स की सर्जरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ और युवा सर्जनों ने भाग लिया, जिसमें डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. नीना गुहा, डॉ. प्रीति साहा, डॉ. अंशु गुप्ता, डॉ. उमा त्रिपाठी और डॉ. मृणालिनी अग्रवाल शामिल रहे। लाइव प्रसारण के माध्यम से 250+ डॉक्टर और 500+ रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मोपॉलिटन रायपुर ने एम्स को सौंपी 50 व्हीलचेयर



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मोपॉलिटन, रायपुर द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एम्स रायपुर को 50 व्हीलचेयर भेंट की गई। यह सहयोग लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल, निदेशक, एम्स रायपुर द्वारा सराहनीय शब्दों के साथ स्वीकार किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक श्री जिंदल ने रोटरी क्लब के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योगदान अनगिनत मरीजों और उनके परिजनों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने समाजसेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को प्रेरणादायी बताते हुए इसके लिए क्लब को धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब की ओर से रोटेरियन मनोज अग्रवाल (अध्यक्ष), रोटेरियन अमित गोयल (सचिव), रोटेरियन दीपक खेर और रोटेरियन रविंदर सीरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे और इस पहल को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### ओस्तवाल हार्ट केयरः रायपुर में अत्याधुनिक हृदय उपचार केंद्र की शुरुआत

**रायपुर।** राजधानी के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती देते हुए शहर में उन्नत हृदय उपचार सेवाओं का नया आयाम जुड़ गया है। डीएम प्लाजा, छोटापारा में ओस्तवाल हार्ट केयर नामक आधुनिक हार्ट क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य रायपुर और आसपास के क्षेत्रों को विश्वस्तरीय कार्डियक सेवाएं उपलब्ध कराना है। क्लीनिक का संचालन प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल ओस्तवाल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में हृदय संबंधी बीमारियों की रोकथाम, सटीक जांच और उन्नत उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। ओस्तवाल हार्ट केयर में कोरोनरी आर्टरी डिजीज, वॉल्व्यूलर हार्ट डिजीज, हृदय विफलता, जन्मजात व संरचनात्मक हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल समस्याओं का विशेषज्ञ उपचार किया जाएगा।



## पेज 9 के शेष

### शहर की ठंड ....

इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले, राजनांदगांव और दुर्ग जिलों में एक दो पैकेट्स में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। 17 नवंबर से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना बन रही है।

### भारत-साउथ अफ्रीका वनडे ....

टिकट 1500 से 2000 के बीच शुरू होंगे, जबकि पवेलियन और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20 हजार रुपए तक जा सकते हैं। विशेष टिकट लेने वालों को पिछली बार की तरह इस बार भी कॉम्प्लिमेंट्री फूड की सुविधा दी जाएगी। पिछले मैच में ऑनलाइन टिकट बुकिंग के बाद फिजिकल टिकट लेने के लिए दर्शकों को लंबी लाइन में लगना पड़ा था। इस बार ऐसी परेशानी न हो, इसके लिए टिकट वितरण की नई और सुगम व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिससे लोग आसानी से टिकट खरीदकर मैच का आनंद ले सकें। रायपुर वासियों के बीच इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर कोई अपने शहर में एक बार फिर इंटरनेशनल क्रिकेट मैच का गवाह बनने को तैयार है।

### डीआरएस और लाइव स्कोर ....

और गुणवत्ता बेहतर होगी।स्कोरबोर्ड की भी मरम्मत और रंग-रोगन किया जा रहा है ताकि यह अधिक स्पष्ट और आकर्षक दिखे। साथ ही, दर्शकों की सबसे बड़ी परेशानी यानी मोबाइल नेटवर्क की समस्या को भी दूर करने की तैयारी है। पिछले मैचों में लोग कॉल या इंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए स्टेडियम से बाहर तक जाते थे, क्योंकि परिसर में नेटवर्क बेहद कमजोर था।

### मुंबई की राह ....

लिए अब नियमित रूप से आठ उड़ान का संचालन किया जाता है। अभी मुंबई रायपुर के बीच निजी एयरलाइंस अपनी तीन उड़ानों का संचालन करता है। सामान्य दिनों में भी दोनों शहरों के बीच का किराया दस हजार से अधिक होता है और पीक सीजन में तो इसका किराया दो से ढाई गुना तक पहुंच जाता है। यात्रियों की संख्या और डिमांड को ध्यान में रखते हुए इंडिगो ने रायपुर से नवी मुंबई के बीच एक फरवरी से चौथी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। यह फ्लाइट दोपहर के शेड्यूल में आवाजाही करेगी। रायपुर-मुंबई के बीच विमानों की संख्या बढ़ाने की मांग काफी समय से की जा रही थी। दो साल पहले एयर इंडिया की मुंबई-रायपुर- विशाखापट्नम की उड़ान बंद होने के बाद दोनों शहरों के बीच का चौथा संपर्क टूटा था। एक फरवरी से शुरू होने वाली यह फ्लाइट 6ई 2283 बनकर नवी मुंबई से दोपहर 12.50 बजे रवाना होकर 14.35 बजे रायपुर में लैंड होगी। वहीं वापसी के दौरान 6ई22844 बनकर यह दोपहर 3.05 बजे टेकऑफ होकर शाम 5.05 बजे मुंबई में लैंड होगी। विमानन अधिकारियों के अनुसार यह समय व्यापारी, छात्रों और मेडिकल ट्रैवलर्स के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। वर्तमान में रायपुर से मुंबई की तीन फ्लाइट सुबह 8.40 बजे, 9.40 और शाम 5.355 बजे संचालित होती है।

### आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मूल भूमि स्वामी रूपनाथ साहू उम्र 62 वर्ष, पिता स्व. राधेश्याम साहू, निवासी ग्राम कोलर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. आधार नं. 5742 3985 5665 के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. खोरपा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा न. 161/5, रकबा 0.4580 हे. है, जिसका भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका क्र. पी. 636351 है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने मूल भूमि स्वामी रूपनाथ साहू एवं प्रस्तावित भूमिस्वामी वैष्णव ताण्डी उम्र 40 वर्ष पिता पाण्डव ताण्डी निवासी समता कालोनी, थाना आजाद चौक, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. आधार नं. 2869 3892 1756 से दिनांक 23.04.2025 को माननीय नोटरी महोदय के समक्ष इकरारनामा निष्पादित कर क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है एवं मेरे पक्षकार विक्रय विलेख के निष्पादन व पंजीयन के समय शेष विक्रय राशि अदा करने हेतु तत्पर एवं तैयार हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें केवल दैनिक सामाचार पत्र में खंडन कर लेना ही पर्याप्त नही होगा, बादमियाद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होवेगी एवं अवैध व शून्य मानी जावेगी। मयाद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा।

**सो-सूचना जाने।**

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 16/11/2025

भवदीय
दिविज छुटानी
अधिवक्ता
मो.नं. 9424210099

### :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री विजय कुमार साहू पिता स्व. मातादीन साहू निवासी- महावीर चौक, हरि किराना स्टोर्स के पास, वार्ड नं.- 51, ग्राम- लालपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम-धतरेंगा, प.ह.नं. 84, रा.नि.मं. रायपुर-18, कांदुल, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 88/5 रकबा 0.0456 हे. अर्थात 4900 वर्गफुट भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में भूमिस्वामी के नाम से दर्ज है। को खरीदने का पक्का सौदा कर विक्रय इकरारनामा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है मात्र विक्रय बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम आदि को उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 14.11.2025

भवदीय
(संजय यादव)
अधिवक्ता
शॉप नं.-ओ.एम.-1, द्वितीय तल,
अशोका मिलेनियम, रिंग रोड, राजेन्द्र नगर,
रायपुर (छ.ग.) मो. नं.- 9893933086,

### बिक्री विलेख (Sale Deed) गुम हो जाने की सूचना

//आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती नाज़नीन अफ़ज़ीन पति श्री शेख अमीर निवासी वार्ड नं. 06 माधव बस्ती, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) अपनी निजी संपत्ति खसरा नं. 230/18 (पुर्व खसरा नं 230/2 का भाग), क्षेत्रफल 750 वर्गफुट, जो कि ग्राम मणपुरेना, चंद्रशेखर आज़ाद वार्ड नं. 52, बोरीयाखुर्द, पटवारी हल्का नं. 00061, रा.नि.म. रायपुर. जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, के संबंध में यह सूचना देती हूँ।

उक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 29-03-2008, वॉल्यूम नं. 39959, सीरियल नं. 6584 गा, पृष्ठ 94 से 105, जो उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीकृत है, जिसे निम्न व्यक्तियों, हीरामन, प्रमोद, सुनील, लता, सुनीता, अग्नि, ललित, सतीश, बाहरीन सभी निवासी मणपुरेना, रायपुर (छ.ग.) द्वारा श्री रविंद्र बरवे पिता स्व. श्री गरीबा बरवे, निवासी मकान नं. 269, पुराना काशीराम नगर, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम विक्रय किया गया था।

यह पूर्व विक्रय विलेख कहीं गुम हो गया है, जिसे बहुत खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं किया जा सका। इस संबंध में सूचना पुलिस थाना में दर्ज करवाई जा चुकी है।

श्रीमती नाज़नीन अफ़ज़ीन द्वारा ऋण हेतु हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस, रायपुर के समक्ष आवेदन किया गया है।

अतः उक्त संपत्ति को बंधक रखे जाने पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था, सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो वे मेरे कार्यालय में 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

निर्धारित समय के बाद प्राप्त कोई भी आपत्ति अवैध व निरस्त मानी जाएगी।

सो सूचना जानें।

**अधिवक्ता प्रेम टंडन**
**पताः शॉप नं 101, प्रथम तल, बेबीलॉन टॉवर, वी.आई.पी. चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 8770067092**

मैं / हम अनुरोध करते/करती हू कि सार्वजनिक रूप से इस सुचना को स्वीकार कर लिया जाए और जो भी व्यक्ति / संस्था उक्त दस्तावेज के किसी भी प्रकार के उपयोग या हस्तांतरण के संदर्भ में कोई कार्रवाई करे, वह पहले मेरे / हमारे कार्यालय से संपर्क कर लेवें ।

धन्यवाद

**दिंनाकः 15/11/2025**

हस्ताक्षर
नाम : प्रेम टंडन, अधिवक्ता
रेसी. एण्ड ऑफिस गुजरा, पोस्ट रीवा (लखोली) तह. आरंग,
जि. रायपुर (छ.ग.) 493441
मो. 8770067092















## खबर संक्षेप



### संभागायुक्त ने पूजा-अर्चना कर शुरू कराई धान खरीदी

**रायपुर।** संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शनिवार को अभनपुर सेवा सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किसानों से धान खरीदी प्रक्रिया शुरू कराई। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्र में सभी व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### एसआईआर के प्रदेश प्रभारी सेरिंग आज आएंगे

**रायपुर।** एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद लेह (लद्दाख) जामयांग सेरिंग नामग्याल अपने 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं।



अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रभारी जामयांग सेरिंग नामग्याल रविवार को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और शाम 6 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एसआईआर प्रदेश टोली की बैठक लेंगे। 17 नवंबर को कोंडागांव में संभागीय बैठक को संबोधित करेंगे, वहीं 18 नवंबर को रायपुर संभाग की बैठक लेंगे। 19 नवंबर को बिलासपुर 20 नवंबर को दुर्ग एवं 21 नवंबर को सरगुजा संभाग की संभागी की बैठक लेंगे।

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश के स्कूल सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान और अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र चंद्राकर से मुलाकात की। कर्मचारियों ने अपने 2 सूत्रीय मांग के संबंध में विभागीय मंत्री को अवगत कराते हुए लंबित मांग पूरा कराने की मांग की। मुलाकात के दौरान प्रदेश संरक्षक श्याम रतन सागर, प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुसूईया सोनवानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनेश्वर लहरें, प्रदेश सचिव भीमकुमार पटेला, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा उपस्थित थे।

### भाजपा बोली- भूपेश ने युवाओं का भरोसा तोड़ा, साय सरकार ने लौटाया

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के खोए विश्वास को लौटाकर उनके सपनों को साकार करने की दिशा में 22 माह के कार्यकाल में काफी काम किया है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में पीएससी में भर्ती घोटाला, पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के कारण युवाओं का पीएससी और प्रतियोगी परीक्षाओं तक से भरोसा खत्म हो गया था। श्री दीपक ने कहा, पीएससी और व्यापम की सभी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए कई नवाचारों को लागू किया गया है। पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के चलते कई मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। ऑनलाइन आवेदन, ओएमआर स्कैनिंग, रियल-टाइम अपडेट जैसे सुधारों से युवाओं का भरोसा वापस लौटा है। श्री दीपक ने कहा, इसी तरह खेल जगत में भी प्रदेश की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां अर्जित कर पिछले दो वर्षों में कई राष्ट्रीय पदक व अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी लाकर नए स्टेडियम, एथलेटिक ट्रैक, और जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किए जा रहे हैं। बौद्धिक गतिविधियों में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही एआई डाटा सेंटर शुरू करके भविष्य की अर्थव्यवस्था की नींव रखी गई है।

# मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों की मेहनत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का काम शुरू हो गया है, इसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, धान की खरीदी छत्तीसगढ़ के किसानों की मेहनत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव है। धान खरीदी को पूर्ण रूप से पारदर्शी समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा और किसानों के पैदा किए गए धान की खरीदारी सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, धान की खरीदी के लिए सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया गया था। जो भी किसान अपना धान बेचने के लिए आएंगे, उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी जिले के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। धान खरीदी की व्यवस्था को तकनीकी सक्षम बनाया गया है। तूंहर टोकन एप, जीपीएस आधारित परिवहन सतर्क ऐप और कमांड-कंट्रोल सेंटर जैसे आधुनिक सिस्टम लागू किए गए हैं।

### बिना परेशानी विक्रय कर सकेंगे धान

मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज भोर की सुनहरी किरणों के साथ छत्तीसगढ़ की धरती पर धान खरीदी की शुरुआत हुई है। छत्तीसगढ़ की आत्मा हमारे किसान हैं। मैंने सभी ज़िलों में आधारभूत व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान विक्रय कर सके।



### किसानों का भरोसा ही असली ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा, हर कदम पर हमारी प्राथमिकताएं किसानों को सुविधा देना है। सम्मानजनक तरीके से उनके धान को खरीदना है और समय पर किसानों के खाते में पैसा चला जाए यह सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों का अटूट विश्वास छत्तीसगढ़ के सरकार पर है और यही छत्तीसगढ़ के विकास के असली ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा, धान खरीदी की शुरुआत के साथ ही प्रदेशभर के किसानों में उत्साह का माहौल है। पारदर्शी और मजबूत तकनीकी व्यवस्था से इस बार धान खरीदी की व्यवस्था और सहज और सरल तरीके से होगी।

### सरकार की उदासीनता से किसान परेशान : बैज

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का बहुप्रतीक्षित सीजन 15 नवंबर से औपचारिक रूप से शुरू हो गया है।



हालांकि खरीदी के पहले ही दिन व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी पर नहीं दिखीं। उन्होंने कहा, धान खरीदी केंद्रों में सन्नाटा है। कर्मचारी हड़ताल पर हैं और किसान अपना धान बेच नहीं पा रहे। सरकार को तुरंत कर्मचारियों से संवाद करना चाहिए। कांग्रेस हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के साथ है और धान खरीदी की स्थिति की पूरी निगरानी कर रही है।

## राजस्व अधिकारियों की व्यस्तता के कारण नियमित सुनवाई नहीं होने से घट नहीं रहे प्रकरण

# तीन साल से राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा एक लाख के पार

**प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार धीमी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व विभाग के अधिकारियों की व्यस्तता के कारण प्रदेश में लंबित राजस्व प्रकरणों का आंकड़ा घट नहीं पा रहा है। पिछले तीन साल से प्रदेश में एक लाख से अधिक प्रकरण लंबित हैं। वर्तमान में भी यह आंकड़ा 1 लाख 13 हजार से अधिक है। दो वर्ष पहले यह आंकड़ा एक लाख 55 हजार के करीब था, जो घटकर 1 लाख 13 हजार तक आ पहुंचा है। यह आंकड़ा बता रहा है कि प्रदेश में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण किस रफ्तार से किया जा रहा है। हालांकि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार धीमी होने की बड़ी वजह राजस्व विभाग के अधिकारियों के दूसरे कार्यों में व्यस्त होने के साथ प्रोटोकॉल ड्यूटी है। इन दोनों कारणों से राजस्व अधिकारी अपना मूल काम कर नहीं पा रहे हैं, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या भी घट नहीं पा रही है।



### विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था एक लाख का आंकड़ा पार

राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा एक लाख के पार विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान पार हुआ था। चुनाव के कारण अधिकारी करीब दो माह तक व्यस्त रहे, जिससे राजस्व संबंधी प्रकरणों में नियमित सुनवाई नहीं हो पाई। इस दौरान लगातार नए प्रकरण भी आते रहे। इस तरह चुनाव के इन दो माह में लंबित प्रकरणों का आंकड़ा भी 85 हजार से बढ़कर एक लाख के ऊपर पहुंच गया था। इस चुनाव के खत्म होने के कुछ महीनों के बाद लोकसभा चुनाव आ गया, जिसके कारण एक बार फिर राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई। इस बीच फिर सुनवाई नहीं हो पाई, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर एक लाख 70 हजार के करीब पहुंच गई थी। चुनाव खत्म होने के बाद इस आंकड़े में गिरावट आना शुरू हुआ ही था कि कुछ महीनों के बाद ही नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आ गया। इस चुनाव के कारण भी अधिकारी नियमित सुनवाई नहीं कर पाए। इस तरह वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2024 तक चुनाव के कारण अधिकारी अपना मूल काम नहीं कर चुनावी कार्य एवं प्रोटोकॉल ड्यूटी में व्यस्त रहे।

### एक साल में 12 हजार प्रकरण निराकरण

सूत्रों के अनुसार प्रदेश में पिछले एक साल में 12 हजार राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। एक वर्ष पहले प्रदेश में लंबित प्रकरणों की संख्या सवा लाख के करीब थी, वहीं वर्तमान में रेवेन्यू पोर्टल के अनुसार यह आंकड़ा एक लाख 13 हजार 227 है। इस तरह लगभग 12 हजार प्रकरण ही निराकृत हो पाए हैं।

### जिलेवार लंबित राजस्व प्रकरण

| | |
|---|---|
| कबीरधाम | 3410 |
| कांकेर | 3745 |
| कोंडागांव | 2113 |
| कोरबा | 3948 |
| कोरिया | 734 |
| खैरागढ़-छुईखदान | 1278 |
| गरियाबंद | 2314 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 1276 |
| जशपुर | 3094 |
| जांजगीर-चांपा | 3537 |
| दंतेवाड़ा | 313 |
| दुर्ग | 9292 |
| धमतरी | 1909 |
| नारायणपुर | 535 |
| बेमेतरा | 4333 |
| बलरामपुर-रामानुजगंज | 4367 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 2614 |
| बस्तर | 2738 |
| बालोद | 3482 |
| बिलासपुर | 5006 |
| बीजापुर | 200 |
| मुंगेली | 1272 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | 2770 |
| महासमुंद | 3742 |
| मोहला-मानपुर | 914 |
| राजनांदगांव | 2949 |
| रायगढ़ | 4821 |
| रायपुर | 5005 |
| सक्ती | 2701 |
| सुकमा | 656 |
| सरगुजा | 3293 |
| सूरजपुर | 4097 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 1320 |

**महेश कश्यप बोले**

# कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के अधिकारों व विकास की अनदेखी की



**आदिवासी समाज के नेताओं को लगातार किया अपमानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के बस्तर सांसद महेश कश्यप ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर कहा, वन्य, ग्राम्य और नगरीय जीवन शैलियों को एक सूत्र में पिरोने वाली भारतीय संस्कृति का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्वकर्ता भारत का जनजातीय समाज ही है, जिसका अपना एक गौरवशाली इतिहास और सामाजिक संगठन है। उसकी समृद्ध परंपराएं और गहरी आध्यात्मिक चेतना हमें उनसे बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित करती है। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के अधिकारों और विकास की अनदेखी करने का काम किया है। यही नहीं, कांग्रेस ने आदिवासी समाज के नेताओं को लगातार अपमानित भी किया है।

श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस का असली एजेंडा आदिवासी समाज और उनकी बहन-बेटियों का अपमान करना है। उन्होंने कहा, चाहे वन अधिकार अधिनियम का अधूरा क्रियान्वयन हो, विस्थापित परिवारों की पीड़ा हो या शिक्षा-रोज़गार की उपेक्षा कांग्रेस ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है। श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज को आपमानित करने का काम किया। कांग्रेस के भीतर आदिवासी नेता लगातार अपमानित हो रहे हैं।

कांग्रेस में कभी भी आदिवासी समाज की संवेदनाओं की चिंता नहीं की गई। श्री कश्यप ने कहा, जनजाति समाज का भाजपा ने सदैव सम्मान किया है। जनजाति समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया, छत्तीसगढ़ में जनजाति समाज के विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया, केंद्र और प्रदेश की सरकार में जनजाति समाज के सांसदों व विधायकों को मंत्री पद का दायित्व सौंपकर आदिवासी समुदाय को मुखर नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।

# दो सौ खरीदी केंद्रों में 2 हजार टन धान बिका, अवकाश के दिन खुली समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की शुरुआत हो गई। प्रदेश के लगभग 200 खरीदी केंद्रों में किसानों ने 2 हजार टन धान की बिक्री की। हालांकि अवकाश के बाद भी समितियां खुली रहीं, लेकिन किसान धान बेचने नहीं पहुंचे। अब सोमवार से सभी समितियों में खरीदी होगी। प्रति क्विंटल 3100 रुपये के दाम से प्रदेश के किसानों से धान की खरीदी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन शुरू होने से ठीक पहले सहकारी समितियों के हड़ताली कर्मचारियों पर सरकार ने कड़ा रुख अपना लिया है। हड़ताल जारी रखने वाले कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों पर सरकार ने एस्मा लागू करते हुए तत्काल काम पर लौटने के निर्देश दिए हैं।

सरकार ने दावा किया है कि धान खरीदी की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रदेश में 2058 समितियों और 2739 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हुई। सोमवार से शुक्रवार तक धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में होगी।



### होगी कड़ी कार्रवाई

सहकारिता विभाग के सचिव सीआर प्रसन्ना ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए सभी केंद्रों पर नोडल अधिकारी तैनात हैं। उन्होंने कहा, कर्मचारी अब भी काम पर लौट सकते हैं, लेकिन धान खरीदी का बहिष्कार करने पर कड़ी कार्रवाई अनिवार्य होगी।

### धान की अवैध बिक्री रोकने के निर्देश

प्रदेश में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए सरकार ने कई निर्देश दिए हैं। अन्य राज्यों की सीमा में चेक पोस्ट स्थापित कर कड़ी निगरानी की रही है। धान की सुरक्षा के लिए खरीदी केन्द्रों में ड्रेनेज और तारपोलिन आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अगर कोई अवैध परिवहन या बिक्री का मामला सामने आया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बायोमेट्रिक पहचान से बेचने की सुविधा

इस वर्ष धान खरीदी पूर्णतः आधार-आधारित है, जिसके अंतर्गत किसानों को बायोमेट्रिक पहचान के माध्यम से धान विक्रय करने की सुविधा दी गई है। प्रक्रिया को अधिक दक्ष एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा राज्य स्तरीय उड़नदस्ते गठित किए गए हैं, जो सतत औचक निरीक्षण करते हुए उपार्जन में संभावित अनियमितताओं पर नियंत्रण रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# प्रदेश भाजपा संगठन का विस्तार करने की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार का चुनाव निपटने के बाद अब प्रदेश भाजपा संगठन का विस्तार करने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री बिहार चुनाव में लगातार चार माह लगे रहने के बाद जब लौटे, तो उन्होंने यहां पर संगठन की बैठक लेकर संगठन के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने सबसे पहले सभी मोर्चा के अध्यक्षों को अपनी कार्यकारिणी जल्द से जल्द बनाने का फरमान सुनाया है। इसी के साथ अब सबसे अहम कार्यसमिति का ऐलान होना है। इसके अलावा अब तक प्रकोष्ठों में बदलाव नहीं हो सका है। प्रकोष्ठों में संयोजक और सहसंयोजक बनाए जाने हैं। इसको लेकर भी तैयारी की जा रही है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ है। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका ऐलान अब तक नहीं हो सका है। अब इसको लेकर भी कवायद प्रारंभ की गई है।

### सबसे पहले सभी मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने की तैयारी



### मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने पर फोकस

संगठन के विस्तार में सबसे बड़ा फोकस संगठन के सात मोर्चों की कार्यकारिणी पर है। मोर्चों में सबसे अहम भाजयुमो, महिला मोर्चा और किसान मोर्चा को माना जाता है। इसी के साथ बाकी के चार मोर्चा भी महत्वपूर्ण हैं। सभी के अध्यक्षों के साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन के महामंत्री पवन साय की बैठक हो चुकी है। सभी से जल्द से जल्द अपनी कार्यकारिणी बनाने के लिए कहा गया है। ज्यादातर कार्यकारिणी का ऐलान इस माह के अंत तक करना है। कोई कार्यकारिणी बच जाएगी तो उसका ऐलान अगले माह के पहले सप्ताह तक कर दिया जाएगा।

### कार्यसमिति में भी फेरबदल की कवायद

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे।

**विकास उपाध्याय बोले- मांग पूरी होने तक लगातार करेंगे आंदोलन**

# कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र, 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली बिल हॉफ योजना को पहले की तरह 400 यूनिट तक करने की मांग को लेकर राजधानी रायपुर में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को खून से पत्र लिखा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। इसका लाभ किसी को नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस की सरकार में कितनी भी खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ता का 400 यूनिट तक बिल हॉफ लगता था, लेकिन भाजपा सरकार ने उपभोक्ताओं का यह हक छीन लिया है। जब तक सरकार वापस 400 यूनिट तक बिल हॉफ नहीं करेगी, हम लगातार आंदोलन करते रहेंगे। विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में छत्तीसगढ़ वासियों को साय सरकार अगर चाहती तो पूर्व की कांग्रेस सरकार की बिजली बिल योजना को लागू कर बिजली बिल में राहत दे सकती थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में बिजली बिल हॉफ योजना लागू करने की बात कह कर जनता से वोट ले लिया और बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ देने के नाम पर उनके विश्वास का खून किया जा रहा है। एक तरफ महतारी वंदन योजना के नाम पर 1000 रुपए देकर बिजली के माध्यम से कई गुना ज्यादा वसूली कर रही है।




भाजपा सरकार बिहार में चुनाव होने पर फ्री बिजली की बात कहती है और जिन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं, वहां कई गुना बिजली बिल वसूल रही है। भाजपा केवल वोट के लिए राजनीति करती है और जनता के विश्वास का फायदा उठाना भली भांति जानती है, लेकिन जनता अब महंगी बिजली बिल को लेकर आक्रोशित है, जिसका आने वाले दिनों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। खून से पत्र लिखने के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के पंकज शर्मा, श्रीकुमार मेनन, आकाश तिवारी, सुंदर जोगी, अशोक ठाकुर, देवकुमार साहू, शरिक रईस खान, मुन्ना मिश्रा, दिनेश ठाकुर, संदीप तिवारी, बंशी कन्नौजे, नवीन चंद्राकर, विकास अग्रवाल, मनोज सोनकर, संदीप सिरमौर, अजीज भिन्सारा, शाहरुख, सुशील अग्रवाल, संदीप शर्मा, संजू नायडू, ईश्वर चक्रधारी, रवि प्रधान, साहब सिंह, अजय निषाद, गोलू कुशवाहा, हर्षित जायसवाल, कुलदीप ध्रुव, चीकू तिवारी, उमेश साहनी, फरदीन खोखकर, मेहताब हुसैन सहित सैकड़ों आमजन शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के एथलीट अमित करेंगे अमेरिका में भारत का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के युवा एथलीट अमीत कुमार आगामी वर्ष 2026 में अमेरिका में हो रही वर्ल्ड चैंपियनशिप जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। अमित कुमार 10 किलोमीटर रेस वाक के छत्तीसगढ़ के उदीयमान खिलाड़ी हैं। इस साल अक्टूबर माह में आयोजित 40 वी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अमित ने 5 किलोमीटर वॉक रेस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता था। इनके मुख्य कोच जसविंदर सिंह भाटिया द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित है। अमित की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष ओलिम्पिक संघ विष्णु देव साय, डॉक्टर रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अमर अग्रवाल बिलासपुर विधायक, सुशांत शुक्ला बेलतरा विधायक और विक्रम सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ सहित समूचे खेल जगत ने हर्ष जताया है।

### 32 टीमों की मौजूदगी में शुरू हुई राज्य स्तरीय नेटबॉल स्पर्धा

**रायपुर।** चौथी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार को माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, अंबिकापुर में हुआ। इस राज्य स्तरीय आयोजन में कुल 32 टीम (बालक एवं बालिका वर्ग) भाग ले रही है। उद्घाटन समारोह में भारत सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी राजकुमार बंसल, वरिष्ठ भाजपा सदस्य, विनोद हर्ष, रामकुमार सिंह, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजेश राठौर, महासचिव नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। पहले दिन का मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा और दर्शकों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इस अवसर पर रजत सिंह सचिव जिला नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, सुनैना जायसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रिया जायसवाल, प्रियंका, प्रज्ञा मिश्रा, आकाश गुप्ता, रागिनी, स्नेहा उपस्थित रहे।

### वेंकटेश मैन ऑफ द सीरीज़ और बेस्ट बैट्समैन रहे कपिल नायडू

# सेल इंटर-प्लांट क्रिकेट चैम्पियनशिप में बर्नपुर को हराकर भिलाई बना विजेता



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक, एवं नागरिक सुविधाएं विभाग (एससी एंड सीए) द्वारा आयोजित सेल इंटर-प्लांट क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का समापन शनिवार को सेक्टर-1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। सेल इकाइयों के बीच उच्च स्तरीय खेल-प्रतिस्पर्धा और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए प्रसिद्ध इस चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) और ईस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर की टीमें आमने-सामने थीं।

फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बर्नपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 143 रन बना कर बीएसपी की टीम के लिए 144 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जिसका पीछा करते हुए भिलाई की टीम ने संयमित बल्लेबाजी और प्रभावी साझेदारियों के दम पर 18.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए चैम्पियन का ताज अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में महाप्रबंधक (एचआर—नॉन वर्क्स) जे. एन. ठाकुर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट खेल भावना की प्रशंसा की। व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रेणी में बीएसपी के वेंकटेश को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज़ घोषित किया गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 125 रन बनाए और 10 विकेट हासिल किए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार कपिल नायडू को मिला, जिन्होंने पाँच मैचों में कुल 208 रन जुटाए। वहीं बेस्ट बॉलर का खिताब राउरकेला इस्पात संयंत्र के सुवर्ण को दिया गया, जिन्होंने 10 विकेट चटकाए। फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द मैच का सम्मान बीएसपी के सुवेंदु कुमार को मिला, जिन्होंने 37 गेंदों में तेज़तर्रार 54 रनों की प्रभावशाली पारी खेली। फाइनल मुकाबले में अंपायरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका राणा प्रताप सिंह और पियूष साहू ने निभाई। वहीं स्कोरर की जिम्मेदारी संतोष कुमार ठाकुर ने संभाली।

इस अवसर पर एससी एंड सीए विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें ओलंपियन उप-महाप्रबंधक एवं अर्जुन अवॉर्डी राजेन्द्र प्रसाद, उप-प्रबंधक अभिजीत भौमिक, वी. मोहन दास, बी. डी. करूपति, प्रभंजय चतुर्वेदी, सरजीत चक्रवर्ती, पी. टी. उल्लास, दुष्यंत हरमुख, प्रवीण उपाध्याय, बृजलाल मौर्य, अनिरुद्ध, महाराणा तथा सागर शामिल रहे। सभी ने पूरे चैम्पियनशिप के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपिनशिप : छत्तीसगढ़ की टीम तैयारियों के साथ दिल्ली रवाना

**भिलाई।** दिल्ली एसोसिएशन ऑफ फेंसिंग द्वारा फेंसिंग चैंपियनशिप ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 36वीं सीनियर राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) का आयोजन के. डी. जाधव रेसलिंग हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में 14 नवम्बर से 19 नवम्बर तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की 26 सदस्यीय फेंसिंग टीम भाग ले रही है। ज्ञात रहे कि छत्तीसगढ़ सीनियर पुरुष एवं महिला फेंसिंग टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन इस्पात क्लब, सेक्टर-1, भिलाई में 02 नवंबर को किया गया था जिसमें प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई थी। चयन स्पर्धा पश्चात खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब, सेक्टर-1 में 03 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन 12 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद खान द्वारा किया गया तथा छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष एवं महिला फेंसिंग टीम की घोषणा की गई। उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सीनियर पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों एवं



अधिकारियों में सीनियर पुरुष टीम में फॉइल इवेन्ट में आयुष नेताम (दुर्ग), भूपेंद्र सिंह राजपूत (दुर्ग), युवराज साहू (रायपुर), ईपी इवेन्ट में ऋषभ गुप्ता (दुर्ग), जनार्दन साहू (दुर्ग), हिमांशु नेताम (दुर्ग), नमन कुमार झा (दुर्ग), सैबर इवेन्ट में रेशु साहू (बिलासपुर), नवीन साहू (दुर्ग), विनीत साहू (बिलासपुर), करनजीत सिंह आनंद (दुर्ग) और प्रशिक्षक मोहनीश वर्मा (दुर्ग) शामिल हैं।

इसी तरह सीनियर महिला टीम में फॉइल इवेन्ट में माया साहू (दुर्ग), लावण्या साहू (रायपुर), दिव्यांशु नेताम (दुर्ग), दीपांशी नेताम (दुर्ग), ईपी इवेन्ट में रश्मान कौर धीमान (दुर्ग), रुपाली साहू (बिलासपुर), रीबा बैनी (रायपुर), मोनिका साहू (दुर्ग), सैबर इवेन्ट में वेदिका ख़ुशी रवाना (दुर्ग), मर्लिन मेरी शिबू (रायपुर), मोना पटेल (दुर्ग), प्रशिक्षक प्रवीण कुमार गँवारे (रायपुर) और प्रबंधक श्रीमती पायल वर्मा (दुर्ग) शामिल हैं।

उपरोक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष एवं महिला फेंसिंग टीम को खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जाने-आने का रेल्वे किराया एवं दैनिक यात्रा भत्ता प्रदान एवं ट्रैकसूट प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर फेंसिंग टीम उक्त चैंपियनशिप में भाग लेने 13 नवंबर को दुर्ग से रवाना हुई तथा 21 नवंबर को लौटेगी। उपरोक्त चैंपियनशिप में भाग लेकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश, आई.ए.एस. (सचिव, परिवहन एवं संसदीय मामले, छत्तीसगढ़ शासन) ने दूरभाष दूरभाष के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाये प्रदान की साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष सुनिल रामदास अग्रवाल, महिला फेंसिंग खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को आशीर्वाद देते हुये पदक प्राप्त करने हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाये प्रदान की है।

### राष्ट्रीय पैरा तैराकी में हिस्सा लेने प्रदेश के 33 दिव्यांग खिलाड़ी हैदराबाद रवाना



**रायपुर।** 25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता हैदराबाद (तेलंगाना) में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित है। जिसमे भाग लेने हेतु राज्य के पुरुष दिव्यांग तैराक 20 महिला दिव्यांग तैराक 04 कोच/मैनेजर 04 दिव्यांग तैराकों के सहयोग के लिए सहयोगी 05 कुल 33 सदस्यीय दल हैदराबाद रवाना हुए।

सभी चयनित दिव्यांग तैराकों को संजय तरण पुष्कर बिलासपुर में दोपहर 12:00 बजे स्विमिंग किट, ट्रैक शूट, टी शर्ट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि खजांची कुम्हार अपर आयुक्त नगर निगम, अध्यक्षता तिलकेश भावे जेडी समाज कल्याण, विशेष रूप से अजीत सिंह भोगल संरक्षक छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ, आदर्श दुबे, वैभव गुप्ता उपस्थित रहें। अतिथियों ने दिव्यांग तैराकों को हैदराबाद में अच्छा प्रदर्शन करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर गौरवान्वित करने की बात कही गई । छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांग तैराकी दल की कोच दुर्गा यादव तैराकी प्रशिक्षक (वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी) पुरुष वर्ग के कोच गणेश राम एवं मैनेजर गोपाल यादव हैं। कार्यक्रम का संचालन सूरज यादव महासचिव छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ ने किया एवं स्विमिंग किट वितरण समारोह में सुश्री ज्योति देवांगन, आनंद जायसवाल, देवेंद्र सिंह, कमलकांत आदि उपस्थित रहें।



### राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप से पदक लेकर लौटे विजेताओं का किया स्वागत

**रायपुर।** थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन (टीआईएफ) के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा बीबीके डीएवी महिला महाविद्यालय, अमृतसर (पंजाब) के ऑडिटोरियम मे 16वीं टीआईएफ राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 07 से 09 नवंबर तक किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के थाई बॉक्सर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 07 स्वर्ण, 07 रजत और 01 कॉंस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर चैंपियनशिप में ओवर ऑल तृतीय स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अपनी प्रतिभा का परिचय देकर रायपुर और दंतेवाड़ा के खिलाड़ियों, अधिकारियों के लौटने पर रायपुर रेल्वे स्टेशन में राज्य थाई बॉक्सिंग संघ, खेलप्रेमियों और परिजनों द्वारा शानदार स्वागत किया गया।



# एसआईआर : अफसरों का दबाव, बिना फार्म बांटे ही बीएलओ नंबर बढ़ाने मजबूर

## नंबर बढ़ाने से इंकार करने वालों को नोटिस की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एसआईआर के काम को लेकर अफसरों का बीएलओ पर दबाव है कि गणना पत्रक अधिक से अधिक वितरित करें अन्यथा नोटिस दिया जाएगा। अफसरों की धमकी और नोटिस से बचने बीएलओ अपने मोबाइल में दिए गए बूथ के मतदाताओं को फार्म वितरित किए बिना ही वितरण की एंट्री कर रहे हैं। मोबाइल पोर्टल पर गुलाबी रंग में दिए मतदाता के नाम को क्लिक कर दे रहे हैं, जिससे वह नीला रंग होकर गणना पत्रक वितरित होना बता रहा है। वह प्रभारी अधिकारी के लॉगिन में बीएलओ के खाते में वह संख्या एड हो जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में आयोग का दावा है कि 92 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। एसआईआर में शिक्षक, शिक्षा विभाग के लिपिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही उन्हें विभागीय कार्य में भी समय पर उपस्थिति देनी है। बीएलओ को गणना पत्रक वितरण के लिए मोबाइल पोर्टल भी दिए गए हैं, जिसमें संबंधित मतदान केंद्र के मतदाताओं का नाम दिया है। बीएलओ बिना गणना पत्र वितरित किए बिना अपनी उपस्थित दर्शाने यह खेल कर रहे हैं। कई बीएलओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अफसरों की धमकी से ऐसा करना हमारी मजबूरी है।

### दो बार घर-घर जाने का फरमान

एसआईआर के कार्य में लगे जिले के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से दिनभर में वितरित किए गए गणना पत्रक की जानकारी मिलती है। शहर में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर मतदाता दिए गए पते पर नहीं मिल रहे हैं। प्रभारी अधिकारी बीएलओ पर दबाव बना रहे हैं कि गणना पत्रक वितरण का कार्य समय पर पूरा करें। शहरी क्षेत्र में अधिकांश मतदाताओं को गणना पत्र वितरित नहीं किया गया है। निर्वाचन आयोग ने बीएलओ के लिए दो बार घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरण के कार्य को अनिवार्य घोषित किया है। ऐसे में उन पर दोहरा दबाव है।



**शहरी इलाकों में नहीं बंट रहे गणना पत्रक** : शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर तक बीएलओं के एक सप्ताह बाद भी नही पहुंचे हैं। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि एसआईआर का काम समय पर पूरा हो। वहीं दक्षिण विधानसभा के 253 बूथो में आधा दर्जन बूथों में अब तक एक भी गणना पत्रक नहीं बंटा है। कुछ जगहों पर 10 से कम तो कुछ बूथों में 100 से अधिक गणना पत्रक वितरित करने की जानकारी आई है।

### एसआईआर निगरानी, कांग्रेस ने बनाया कंट्रोलरूम

प्रदेश में हो रही एसआईआर के निगरानी हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार राजीव भवन में प्रदेशस्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम के संयोजक सलाम रिजवी, सदस्यों में चंद्रवती साहू, पल्लवी सिंह, पूजा देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, साक्षी सिरमौर, दीप्तेश चटर्जी, अशोक चतुर्वेदी, गीता सिंह, प्रेमलता बंजारे, कविता वर्मा, प्रेरणा साहू, डिम्पल खान, दिनेश निर्मलकर, अनिल मित्तल, जयप्रकाश साहू, सादिक अली, मोहसिन खान है। वे एसआईआर के सुचारू संचालन हेतु सभी जिला, शहर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, ब्लाक प्रभारियों, सहित वरिष्ठ नेताओं से समन्वय स्थापित कर इसको सफल बनाने समुचित कार्यवाही करेंगे।

## खबर संक्षेप

### साइड देने के विवाद पर बाइक चालक से मारपीट

रायपुर। तेलीबांधा थाने में एक बाइक चालक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ साइड देने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर बीएसयूपी कॉलोनी निवासी पीयूष साहू ने हेक्टर कार सीजी-04, एनबी-2300 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीयूष ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को अपने दोस्त के साथ रात में ढाबा खाना खाने जा रहा था। उद्योग भवन के पास रेड सिग्नल होने की वजह से वह बाइक रोक दिया। इस दौरान पीछे से कार चालक हार्न बजाने लगा। इसके बाद कार चालक कार से उतरकर पीयूष के साथ मारपीट की।

### सूने मकान में धावा एक लाख के जेवर पार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भाठागांव अवधपुरी निवासी राजेश झा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि वह अपने पिताजी का उपचार कराने झारखंड रांची ले गया था। इस दौरान अज्ञात चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश किया और आलमारी की लॉकर तोड़कर जेवर चोरी कर ले गया।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर युवक से मारपीट

रायपुर। सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कोटा निवासी अमर सागर ने राहुल कुमार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमर ने पुलिस को बताया कि कोटा स्टेडियम के पास राहुल ने उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर राहुल ने किसी भारी वस्तु से अमर के ऊपर हमला कर मौके से फरार हो गया।

### बिहार चुनाव की जीत की खुशी भाजपाइयों में बरकरार

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत हासिल की, उस पर भाजपाई लगातार खुशियां मना रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और देवांगन समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश तरक्की कर रहा है और देश के ऐसे राज्य, जहां केवल भ्रष्टाचारियों का राज था, आतंक था, ऐसे राज्यों में भी अब मोदीजी कमल खिला रहे हैं, निश्चित ही उन राज्यों का विकास होगा। इस अवसर पर सभी ने बिरगांव नगर की मुख्य सड़कों पर रैली निकालते हुए आमजनों को बधाई दी और मिठाई से सभी का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर नंदू देवांगन, मुकेश पतले, प्रीतम देवांगन, पन्ना राजपूत, रामकुमार देवांगन, राधेश्याम राजू देवांगन, मनोज सुरेश, रवि किशन के साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

### बाल दिवस पर बच्चों को भेंट दी खेल सामग्री



रायपुर। बाल दिवस के अवसर पर लुनावत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा छोटे बच्चों के लिए खेल सामग्री और भोजन वितरण का कार्य भाठागांव में किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रणय लुनावत ने बताया कि छोटे बच्चों का सर्वांगीण विकास ही उनकी समिति का उद्देश्य है। इस परिक्षेत्र में उनकी समिति हर माह खेल सामग्री का वितरण और प्रतियोगिता का आयोजन करेगी, इससे बच्चे खेल और पढ़ाई के प्रति जागरूक होंगे, जो समाज के लिए एक अच्छा कदम होगा। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### जशपुर मेडिकल कालेज भवन बनाने 359 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। जशपुर के कुनकुरी में स्थापित होने वाले नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 359 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए वित्त विभाग ने अपनी सहमति दे दी है। राज्य शासन द्वारा इस महाविद्यालय के संचालन हेतु 60 पदों की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है। अब भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो जाने से कार्यवाही में तेजी आएगी। इससे आसपास के जिलों को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी। साथ ही, इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत होने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह निर्णय क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में भी नई दिशा प्रदान करेगा।

## बृजमोहन और कवासी 25 सालों तक सदन में रहे

# छत्तीसगढ़ विस का 25 साल का सफर अस्थाई हॉल से हाईटेक भवन तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना की रजत जयंती वर्ष मना रहा है। आज से 25 वर्ष पूर्व 1 नवंबर वर्ष 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। 25 वर्ष के सफर में कौन सा घटना क्रम था जो पहली बार हुआ और एक रिकार्ड के रूप में दर्ज हुआ है। जब यह राज्य अस्तित्व में आया, तब न तो राजधानी स्थायी थी और न ही विधानसभा भवन, लेकिन लोकतंत्र का पहिया रुका नहीं। अस्थायी व्यवस्था के तहत छत्तीसगढ़ की पहली विधानसभा की बैठक रायपुर के राजकुमार कॉलेज परिसर के जशपुर हॉल में आयोजित की गई थी। यही हॉल प्रदेश की संसदीय यात्रा का पहला ऐतिहासिक गवाह बना। अब पुराने विधानसभा भवन में संसदीय कार्य का 25 साल तक गवाह रहा। सदन के साक्षी रहे कई सदस्य अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम पढ़ाव पर हैं या छोड़ चुके हैं।

जहां छत्तीसगढ़ का पहला विधानसभा सत्र आयोजित हुआ, इस दौरान जशपुर हॉल को अस्थायी विधानसभा में तब्दील किया गया। सरकार ने किराया भंडार से कुर्सियां, फर्नीचर और टेंट की व्यवस्था कर यहां विधानसभा सदन का माहौल तैयार किया। हॉल के बाहर पंडाल में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी हुई थी।

विधानसभा के पहले कार्यवाहक सचिव टीपी शर्मा थे। जशपुर हाल के बाद बरौदा के जीरो पाइंट में विधानसभा का भवन बनाया गया। यह केंद्रीय भूजल का भवन था, इसे विधानसभा का स्वरूप दिया गया। विशेष तौर पर इसकी कुर्सियां तैयार कराई गईं। यहां चले 25 साल के सफर को याद करते हुए सदन के सदस्य अपनी भावनाओं से सदन के माध्यम से अवगत कराएंगे। 18 नवंबर को पुराने विधानसभा के अंतिम एक दिन के विशेष सत्र में सदन में सदस्यों का जो अनुभव है, वह उनकी भावनाओं के माध्यम से दिखेगा।

### पहला सत्र, 14 से 19 दिसंबर 2000 तक

छत्तीसगढ़ की पहली विधानसभा सत्र की बैठक 14 से 19 दिसंबर 2000 तक चली। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर महेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक का संचालन किया। सदस्यों ने शपथ ली और विधानसभा अध्यक्ष एवं समितियों का गठन किया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने बतौर मुख्यमंत्री सदन में उपस्थिति दर्ज की, लेकिन उस समय वे निर्वाचित सदस्य नहीं थे, इसलिए उन्होंने शपथ नहीं ली। पहले सत्र में भाजपा नेता नंदकुमार साय ने संस्कृत भाषा में शपथ लेकर इतिहास रचा। वे पहले नेता प्रतिपक्ष बने।

### विधायक विश्राम गृह

विधायकों के लिए विधायक विश्राम गृह के रूप में आरडीए के शैलेंद्र नगर में बनाए गए फ्लैट को तैयार किया गया। यहां पर राज्य के 90 विधायकों को कमरा आवंटित किया गया। बस्तर और सरगुजा के अधिकतर विधायक यहां रहते थे। शहर से 15 किमी दूर बने विधानसभा आने जाने के लिए विधानसभा से बस सत्र के समय चलती थी। बस में अधिकतर विधायक जाते थे। बाद में वे स्वयं के वाहन से जाने लगे।



### बृजमोहन और कवासी रहे साक्षी

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल और कवासी लखमा ऐसे नेता रहे जो 25 साल के सफर के साक्षी रहे। दोनों नेता राज्य बनने के बाद से लेकर सदस्य रहे। बृजमोहन अग्रवाल ने इस्तीफा देकर लोकसभा चुनाव जीता, तब विधानसभा सदन छूटा। वहीं कांग्रेस विधायक कवासी लखमा राज्य बनने से लेकर अब तक सदन के सदस्य रहे। हालांकि वे एक मामले में जेल में हैं, लेकिन अब भी विधायक हैं।

### विधानसभा का हाईटेक भवन तैयार

25 वर्ष के सफर में विधानसभा को पेपरलेस करने का संकल्प पुराने विधानसभा भवन में ही ले लिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने इसे पूरा करने अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया है और भविष्य में पेपरलेस कार्यवाही के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार है। शीतकालीन सत्र से इसकी शुरुआत दिसंबर के अंतिम सप्ताह से होने की संभावना है।

### भारद्वाज अकेले बस से सफर करते थे

कांग्रेस विधायक डॉ. हरिद्वाज भारद्वाज एकमात्र ऐसे विधायक थे, जो सत्र के दौरान अकेले ही बस से जाते थे। उनके साथ और कोई विधायक नहीं होता था। विधानसभा से बस आकर वहां खड़ी होती और अन्य विधायक अपने साधन से पहुंचते, लेकिन डॉ. भारद्वाज बस में ही अकेले बैठ कर जाते थे।

# आबादी भूमि पर जारी अवैध निर्माण को रोकने शिकायत पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



रहमानिया चौक क्षेत्र में व्यावसायिक कॉम्पेलक्स निर्माण को लेकर अब सरगर्मी बढ़ने लगी है।

आबादी भूमि पर किए जा रहे निर्माण को अवैध एवं अनियमित करार देते हुए बच्चू श्रीवास ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में कहा कि आबादी भूमि पर किए जा रहे निर्माण को लेकर निगम एवं जोन के जिम्मेदारों को जानकारी देने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

उन्होंने बताया कि व्यावसायिक निर्माण के लिए निगम से जिन प्रक्रिया के तहत अनुमति लेनी थी, उसमें गड़बड़ी की गई है। इसकी जानकारी निगम के जोन 4 कार्यालय से मांगी गई थी। 8 जनवरी 2024 को मांगी गई जानकारी का स्पष्ट जवाब देने के बजाय 24 फरवरी को निर्मित स्थल का नक्शा पास कर दिया गया। इस निर्माण से आसपास के लोगों को होने वाली परेशानी का एहसास होने के बाद भी सामने नहीं आ रहे हैं। इसके चलते जोन के जिम्मेदार भी मामले का दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की बात करके टाल रहे हैं।

### मधुमेह से बचाव के जागरूकता जरूरी

रायपुर। शासकीय मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग द्वारा मधुमेह दिवस के अवसर पर आंबेडकर अस्पताल के ओपीडी परिसर में मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों एवं उनके परिजनों को मधुमेह के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा उपचार संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। मेडिसिन विभाग के पीजी छात्रों ने विस्तृत प्रस्तुति देकर मधुमेह के प्रकार, जोखिम कारक, जीवनशैली में सुधार, नियमित जांच और दवा (इंसुलिन प्रबंधन) के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे और उन्होंने मरीजों की प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाले ऐसे जन जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग समय रहते मधुमेह की पहचान एवं उपचार प्राप्त की ओर अग्रसर होंगे। मधुमेह विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में डॉ. कल्पना दास (एमडी, डीएम, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट) मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल रहीं। उन्होंने मधुमेह के आधुनिक उपचार पद्धतियों, विशेषकर इंसुलिन के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि नियमित मॉनिटरिंग और सही समय पर इंसुलिन की खुराक लेना मधुमेह नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित डीजी कान्फ्रेंस की सुरक्षा को लेकर मीटिंग में मंथन

# क्राइम कंट्रोल करने आईजी-एसएसपी ने ली पुलिस अफसरों की मैराथन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राधों की रोकथाम के लिए शनिवार को आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ थानों के टीआई, चौकी प्रभारियों की मैराथन बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही इस महीने के अंतिम सप्ताह में नवा रायपुर में आयोजित डीजी कान्फ्रेंस में शामिल होने देश के सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक आ रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। डीजी कान्फ्रेंस के साथ प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री की सुरक्षा को लेकर बैठक में चर्चा की गई। बैठक सुबह 11 से शाम पांच बजे तक चली।

ठंड के सीजन शुरू होने के साथ ही चोरी करने वाले इंटर स्टेट गिरोह सक्रिय होकर चोरी करने पहुंचते हैं। राजधानी में पिछले पांच वर्षों में ऐसे इंटर स्टेट गिरोह ने जो चोरी की घटनाओं को अंजाम दिए हैं, उनकी सूची के आधार पर उन चोर गिरोह की वर्तमान स्थिति की पतासाजी कर उनकी निगरानी करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शहर के आउटर की कालोनी के साथ सभी बीएसयूपी कालोनी की निरंतर जांच कर संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस अफसरों के साथ संबंधित थानों के टीआई को आईजी, एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।



### पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई

आईजी ने अवैध रूप से आदतन मादक पदार्थ खरीदी-बिक्री करने वालों की सूची तैयार कर देने निर्देश दिए हैं। ऐसे तस्करों के खिलाफ पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल भेजने के साथ संपत्ति राजसात की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ दोनों पुलिस अफसरों ने सख्ती से निपटने निर्देश दिए हैं।

### चोरी की घटना पर अंकुश लगाने निर्देश

ठंड शुरू होने के साथ चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित थानों की पुलिस के साथ बीट प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में रात के समय गश्त तेज करने निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सूने मकानों की पहचान कर उस क्षेत्र में लगातार गश्त करने के साथ ही मुखबिर के माध्यम से जानकारी जुटाने निर्देश दिए गए हैं।

### मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान

आईजी ने रेंज के सभी पुलिस अफसरों को अपने क्षेत्र में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत अभियान चलाकर कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पुराने तस्कर जो जेल से जमानत पर छूटे हैं, उनकी निगरानी करने के साथ मादक पदार्थ बेचते पाए जाने पर कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

# सहकारी समिति संभागस्तरीय आंदोलन : डेढ़ दर्जन पदाधिकारी बर्खास्त, भीख मांगकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- संभागस्तरीय धरना का 13वां दिन, चार सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल

प्रदेशभर के सहकारी समिति के कर्मचारी अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर इन दिनों संभागस्तरीय आंदोलन पर हैं। रायपुर संभाग के कर्मचारियों को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने से रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के हड़ताली कर्मचारी महासमुंद में धरना दे रहे हैं। संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन के 13वें दिन आंदोलन कर रहे सहकारी कर्मचारी, कंप्यूटर आपरेटरों में महासमुंद में भीख मांगकर विरोध जताया। इधर राज्य शासन ने प्रदेशभर में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को देखते हुए सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए एस्मा लगा दिया है। वहीं डेढ़ दर्जन पदाधिकारियों को आदेश की नाफरमानी करने पर बर्खास्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति संघ के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। हड़ताल पर रहने वाले प्रदेश अध्यक्ष व धमतरी सहकारी समिति के प्रबंधक नरेंद्र साहू, महासचिव व राजनांदगांव के प्रबंधक ईश्वर श्रीवास, पैक्स सोसायटी चांपा के प्रबंधक गोविंद नारायण मिश्रा, संघ के कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू सहित राजनांदगांव के किशनू देवांगन व रीपा सहकारी समिति तखतपुर के प्रबंधक पर एक्शन लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक हड़ताली कर्मचारियों से चर्चा की गई पर वे अपनी मांगों पर अडिग बने हुए हैं।



छत्तीसगढ़ी सहकारी समिति कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर 3 नवंबर से 4 सूत्रीय मांगों को लेकर

सहकारी समिति के 15 हजार कर्मचारी, 2700 कंप्यूटर आपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताली कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि धान खरीदी वर्ष 2023-24 और 2024-25 में धान खरीदी के बाद संपूर्ण सूखत राशि समितियों को प्रदान किया जाए।

# शक्कर में महंगाई की कड़वाहट, पहली बार चिल्हर में दाम 48 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- समर्थन मूल्य में इजाफा हुआ तो और बढ़ेंगे दाम

भारत शक्कर के उत्पादन में विश्व में दूसरा स्थान रखता है। यही कारण है कि आमतौर पर शक्कर यानी चीनी के दाम थोक में 34 रुपए और चिल्हर में 38 रुपए के आसपास रहते हैं, लेकिन बीते एक साल से इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो जहां अच्छी क्वालिटी की शक्कर थोक में 44 से 45 रुपए किलो हो गई है, वहीं चिल्हर में इसके दाम 48 रुपए हो गए हैं। लंबे समय से शक्कर का समर्थन मूल्य भी बढ़ाने की मांग हो रही है। समर्थन मूल्य बढ़ने के बाद दाम और बढ़ेंगे। 2019 से समर्थन मूल्य 31 रुपए ही है।

शक्कर एक ऐसी चीज है जिसके बिना किसी भी घर में काम नहीं चलता। शक्कर का उपयोग हर घर में आमतौर पर चाय और काफी बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन इसी के साथ घर में बनने वाले मीठे व्यंजनों में इसका उपयोग किया जाता है। शक्कर की कीमत लंबे समय से खुले बाजार में थोक में 32 से 34 रुपए और चिल्हर में 36 से 38 रुपए रही है, लेकिन अब इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

## समर्थन मूल्य बढ़ने के बाद दाम और बढ़ेंगे 2019 से समर्थन मूल्य 31 रुपए ही

### समर्थन मूल्य भी बढ़ने की संभावना



लंबे समय से देश भर के शक्कर उत्पादकों के साथ ही किसान भी शक्कर का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। शक्कर उत्पादकों के मुताबिक उत्पादन का खर्च लगातार बढ़ रहा है, लेकिन समर्थन मूल्य में छह साल से कोई इजाफा नहीं हो सका है। शक्कर का समर्थन मूल्य बढ़ने से ही शक्कर कारखानों में किसानों के गन्ने का जो भुगतान बचा है, वह मिल सकेगा। जानकारों के मुताबिक 2019 से शक्कर का समर्थन 31 रुपए है। इसको बढ़ाने के संकेत केंद्र सरकार से भी मिले हैं। समर्थन मूल्य में इजाफा होने के बाद संभावना है कि शक्कर के दाम में और इजाफा हो सकता है।

### पहली बार दाम इतने ज्यादा

कारोबारियों के मुताबिक शक्कर के दाम पहली बार इतने ज्यादा हुए हैं। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के बाजार में इस समय थोक में शक्कर के दाम अलग-अलग क्वालिटी के हिसाब से 42 से 45 रुपए तक है। इसमें सबसे अच्छी क्वालिटी की शक्कर के दाम थोक में 45 रुपए हैं। यह शक्कर चिल्हर में 48 रुपए मिल रही है। चिल्हर कारोबारियों का कहना है कि उनको दुकान तक पहुंचकर शक्कर 46 रुपए की पड़ जाती है। ऐसे में दो रुपए का मुनाफा लेना तो हक बनता है, इसलिए यह अब चिल्हर में 48 रुपए किलो बिक रही है। कुछ कम क्वालिटी वाली शक्कर चिल्हर में 45 रुपए में मिल जा रही है, लेकिन ऐसी शक्कर आमतौर पर ज्यादातर कारोबारी नहीं रखते हैं। इसका उपयोग घरों में कम ही होता है।



हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025
haribhoomi.com



# कैंसर क्या है



कैंसर का नाम सुनते ही अधिकांश लोगों के मन में डर, निराशा और हताशा जैसी भावनाएँ पैदा हो जाती हैं। बहुत से लोग यह मान लेते हैं कि कैंसर होना जीवन का अंत है, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। आज चिकित्सा विज्ञान इतनी तेजी से विकसित हो चुका है कि कैंसर का समय पर पता चल जाए और सही विशेषज्ञ, सही चिकित्सा केंद्र तथा सही उपचार पद्धति मिल जाए—तो कैंसर पूरी तरह ठीक भी हो सकता है और रोगी एक लंबा, स्वस्थ तथा सामान्य जीवन जी सकता है।

इसीलिए यह संदेश बार-बार समझने और समझाने की आवश्यकता है कि कैंसर जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी चुनौती है जिसे समय पर उपचार और सही मार्गदर्शन से पूरी तरह हराया जा सकता है।

## कैंसर के बारे में जागरूकता क्यों जरूरी है?

भारत में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। हर वर्ष लाखों लोग इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। इसका मुख्य कारण है—

समय पर जांच न कराना
शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करना
गलत उपचार या अधूरी जानकारी
सामाजिक डर और भ्रम

अधिकतर मामलों में जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुँचता है, तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। जबकि चिकित्सा विज्ञान के अनुसार कैंसर का सबसे प्रभावी और सफल उपचार तभी संभव है जब उसे शुरुआती चरण में पकड़ लिया जाए।

## सही विशेषज्ञ की भूमिका

कैंसर एक जटिल बीमारी है, इसलिए इसका उपचार भी विशेषज्ञ डॉक्टरों—जैसे ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ)— द्वारा ही किया जाना चाहिए। सही विशेषज्ञ वह होता है जिसके पास—

कैंसर की सटीक पहचान करने का अनुभव
विभिन्न प्रकार के कैंसर की क्लिनिकल समझ
आधुनिक तकनीक आधारित उपचार करने की विशेषज्ञता
मरीज की स्थिति के अनुसार उपचार योजना बनाने का कौशल

कई बार लोग सामान्य डॉक्टर, घरेलू उपाय, या अप्रमाणित उपचारों में समय गँवा देते हैं। इससे बीमारी बढ़ती चली जाती है। इसलिए यह जरूरी है कि कैंसर से संबंधित कोई भी शक होने पर सीधे कैंसर विशेषज्ञ से संपर्क किया जाए।

## सही जगह—आधुनिक सुविधाओं वाले कैंसर उपचार केंद्र

उपचार के लिए बेहतर परिणाम तभी संभव है जब अस्पताल या चिकित्सा केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हों। आज भारत में कई मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स और सुपर-स्पेशियलिटी कैंसर सेंटर्स उपलब्ध हैं, जहाँ निम्न सुविधाएँ होती हैं—

उन्नत MRI, CT Scan, PET Scan जैसे आधुनिक उपकरण
बायोप्सी और जेनेटिक टेस्टिंग
आधुनिक रेडिएशन थेरेपी (IMRT, IGRT, SRS आदि)
कीमोथेरेपी की सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधा
कैंसर सर्जरी में विशेष अनुभव रखने वाली टीम
इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा
उपचार के दौरान और बाद में काउंसलिंग व सपोर्ट

ऐसे केंद्रों के कारण मरीजों की जीवित रहने की संभावनाएँ, स्वास्थ्य सुधार और जीवन की गुणवत्ता काफी बढ़ जाती है।

## सही समय—समय पर जांच और उपचार की शुरुआत

कैंसर को हराने में "समय" सबसे महत्वपूर्ण है।बहुत से लोग कैंसर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जैसे—

लगातार दर्द
अनियमित खून बहना
बिना कारण वजन कम होना
किसी भी हिस्से में गांठ
लंबे समय तक खांसी या आवाज में बदला
वत्वचा पर अनियमित बदलाव

यदि इनमें से कोई भी संकेत लंबे समय तक रहे, तो तुरंत जांच कराना जरूरी है।क्योंकि समय पर शुरू किया गया उपचार जीवन बचा सकता है।कई शोध बताते हैं कि शुरुआती अवस्था (Stage 1 और Stage 2) में कैंसर पूरी तरह ठीक होने की संभावना 70% से 95% तक होती है।

## कैंसर अब डर का नहीं, जागरूकता और विज्ञान का विषय है

आधुनिक तकनीकों ने कैंसर उपचार को आसान, सुरक्षित और अधिक प्रभावी बना दिया है—

आज कई प्रकार के कैंसर बिना बड़ी सर्जरी किए ठीक किए जा सकते हैं।
नई दवाइयाँ और इम्यूनोथेरेपी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर कैंसर को जड़ से खत्म करने में मदद करती हैं।
रेडिएशन अब पहले की तुलना में अधिक सटीक और कम नुकसानदायक है।
कई मरीज उपचार के बाद सामान्य जीवन में लौटकर अपने काम-धंधे और परिवार के साथ पूर्ण जीवन जी रहे हैं।

इन सभी उन्नतियों ने यह साबित कर दिया है कि कैंसर अब उतना भयावह नहीं रहा जितना कभी हुआ करता था।

## समय पर जांच = समय पर उपचार = ऊँची सफलता दर

कैंसर के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है—जागरूकता और नियमित जांच।कुछ महत्वपूर्ण जांचें जो समय-समय पर करानी चाहिए—

महिलाओं में स्तन कैंसर के लिए मैमोग्राफी
सर्वाइकल कैंसर के लिए PAP Smear
पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर की जांच
फेफड़ों के कैंसर के लिए Low-Dose CT (यदि व्यक्ति स्मोकर है)
पेट, लीवर और कोलन कैंसर के लिए समय-समय पर अल्ट्रासाउंड/एंडोस्कोपी

इन जांचों से बीमारी शुरुआती चरण में ही पकड़ में आ जाती है।

## कैंसर मरीजों के लिए मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी जरूरी

कैंसर का उपचार सिर्फ दवाइयों से नहीं होता, बल्कि मानसिक शक्ति भी उतनी ही जरूरी है। परिवार, मित्र और समाज का सहयोग मरीज में आत्मविश्वास जगाता है।

सकारात्मक
सोचसंतुलित भोजन
योग और ध्यान
नियमित फॉलो-अप
डॉक्टर की सलाह का पालनये सभी बातें उपचार को अधिक सफल बनाती हैं।

## याद रखें – कैंसर अंत नहीं, एक नई शुरुआत भी हो सकता है

हजारों मरीज पूरी तरह ठीक होकर आज सामान्य जीवन जी रहे हैं।उनकी सबसे बड़ी ताकत यही रही—

समय पर जांच
सही चिकित्सक
सही अस्पताल
सही उपचार
और आगे बढ़ते रहने का दृढ़ विश्वास

कैंसर का नाम सुनकर घबराने की जरूरत नहीं, बल्कि समझदारी से कदम उठाने की जरूरत है। जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, उतनी अधिक सफलता की संभावना होगी।

## अंत में—संदेश सभी के लिए

"कैंसर जीवन का अंत नहीं है।
सही विशेषज्ञ, सही जगह और सही समय—इन तीन चीज़ों के साथ कैंसर का पूर्ण उपचार संभव है।"

इसलिए यदि आपको, आपके परिवार या किसी परिचित को किसी भी प्रकार का संदेह हो, तो समय बर्बाद न करें। जागरूक बनें, जांच कराएँ, और कैंसर को हराने की दिशा में पहला कदम उठाएँ।

जीवन अनमोल है—और सही जानकारी तथा सही चिकित्सा से इसे बचाया जा सकता है।



हरिभूमि
सेहत भूमि
haribhoomi.com
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025



# “स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है”

स्वास्थ्य जीवन की वह नींव है, जिस पर हमारा पूरा संसार टिका होता है। लोग अक्सर धन, संपत्ति और सुविधाओं को जीवन का लक्ष्य मान लेते हैं, परंतु यह सच है कि यदि स्वास्थ्य अच्छा न हो तो जीवन की कोई भी उपलब्धि मायने नहीं रखती। यही कारण है कि कहा जाता है– “स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है।” यह वाक्य केवल एक कहावत नहीं, बल्कि जीवन की सबसे महत्वपूर्ण सच्चाई है।

आज की जीवनशैली में, जहाँ भागदौड़, तनाव, अनियमित भोजन और कम शारीरिक गतिविधि आम हो चुकी है, वहाँ स्वास्थ्य पर ध्यान देना और भी आवश्यक हो गया है। स्वास्थ्य को केवल बीमारी न होने की स्थिति नहीं माना जा सकता, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन का सुंदर मेल है। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो जीवन की गति रुक जाती है और व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर पड़ जाता है।

स्वास्थ्य को बनाए रखने के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं—समय पर जांच, सही उपचार और स्वस्थ जीवनशैली।समय पर की गई स्वास्थ्य जांच कई गंभीर बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही पहचानने में मदद करती है। चाहे शुगर हो, बीपी हो, हृदय रोग हों, कैंसर हो या अन्य कोई समस्या—इनका इलाज तभी प्रभावी होता है, जब इन्हें शुरुआती चरण में पकड़ लिया जाए। दुर्भाग्य से जागरूकता की कमी और व्यस्त जीवन के कारण लोग छोटी-छोटी तकलीफों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसका परिणाम बाद में बड़ी बीमारी के रूप में सामने आता है।

इसीलिए, यह बेहद जरूरी है कि हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय-समय पर जाँच कराता रहे। साथ ही, सही चिकित्सा विशेषज्ञ की सलाह लेना और विश्वसनीय चिकित्सा केंद्र में उपचार कराना लंबे और स्वस्थ जीवन की कुंजी है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने आज कई जटिल बीमारियों का उपचार आसान बना दिया है। नई तकनीकें, उन्नत मशीनें और विशेषज्ञ डॉक्टरों का अनुभव मिलकर मरीजों को सुरक्षित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करते हैं।

शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच, तनाव का नियंत्रण, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जीवन के हर पहलू को बेहतर बनाते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति न केवल खुद को बेहतर महसूस करता है, बल्कि अपने परिवार, कार्य और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियाँ भी पूरी क्षमता से निभा पाता है।

आज हमें यह समझने की आवश्यकता है कि स्वास्थ्य पर खर्च किया गया पैसा खर्च नहीं, बल्कि एक निवेश है। यह वह निवेश है जो लंबे समय तक सुख, शांति और ऊर्जा के रूप में वापस मिलता है। यदि हम स्वास्थ्य को प्राथमिकता देंगे, तभी हम अपने सपनों को पूरा करने, अपने परिवार की देखभाल करने और एक संतुलित जीवन जीने में सक्षम होंगे।

अंत में, यही संदेश सबके लिए है– “स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन है। धन, पद और प्रतिष्ठा सब बाद में आते हैं। पहले आता है स्वास्थ्य, क्योंकि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है।”

निराकार
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
3rd YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
3 साल से आपकी सेवा में तत्पर





डॉ. एल.के. निर्मलकर
(चेयरमैन)

रखें आपके सेहत का ख्याल


डॉ. गोविंद पाल
MBBS, MD (Gereral Medicine)
विशेषज्ञ - मधुमेह, उच्च रक्तचाप

सुविधाएं

- मेडिसिन विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- यूरोलॉजी
- सामान्य एवं सिजेरियन डिलिवरी
- एक्स-रे एवं सोनोग्राफी सुविधा
- शिशु रोग विभाग
- हृदय रोग विभाग
- दंत चिकित्सक
- ई.सी.जी. एवं इको कार्डियोग्राफी सुविधा
- स्त्री रोग विभाग
- छाती रोग विभाग
- फिजियोथैरेपी
- बच्चों का वेक्सीनेशन किया जाता है।
- न्यूरोलॉजी विभाग
- जनरल सर्जरी
- नेब्यूलाजर सुविधा
- एवं सभी जनरल सर्जरी

पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं
24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध



OPD Free
24/7 EMERGENCY SERVICES


अभी अपॉइंटमेंट बुक करायें 077131 33896, 70008-61063, 9893123911, 77470-06355

पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771-3133896 +91 6264070071, 98932 99953 nirakarmaltispecialityhospital@gmail.com


NABH Accredited Hospital
PRE ACCREDITED

आरोग्य हॉस्पिटल
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
आधुनिक गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट, लैपेरोस्कोपी सर्जरी एवं आई.वी.एफ. सेन्टर


ऑर्थोपेडिक सर्जरी


लैपेरोस्कोपी सर्जरी


आई.वी.एफ. सेन्टर


लिवर पैंकियास सर्जरी


हॉलमियम लेज़र

उपलब्ध सुविधाएं :-

- लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी
- गॉल ब्लैडर की पथरी और अपेंडिक्स का उपचार
- निसंतान दंपति का आईवीएफ द्वारा इलाज
- लैप्रोस्कोपिक द्वारा बच्चेदानी और कैंसर का इलाज
- लेज़र और स्टैपलर द्वारा पाइल्स फिशर फ़िस्टूला
- ट्रामा हड्डी रोग न्यूरोसर्जरी
- मेडिसिन विभाग और आईसीयू में गंभीर मरीज़ो का इलाज
- नाक कान गला रोग
- नेत्र रोग
- लिवर और पैंक्रियास का इलाज
- एंडोस्कोपी कोलोनोस्कोपी
- गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- हॉल्मियम लेज़र द्वारा प्रोस्टेट और पथरी

HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मार्ग पर शंकर नगर रायपुर
फोन:- 0771-4044115, 4265115 98271-98000

04



स्टूडेंट्स सिलेबस की फ्लो चार्ट बनाकर...

लाइव इवेंट

## आदिवासी संस्कृति के प्रति बढ़ते शैक्षणिक उत्साह और शोध-रुचि को किया सुदृढ़



**रायपुर।** एनआईटी में विशेषज्ञ व्याख्यान और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ वर्ल्ड्स एनसीएंट ट्रेडिशनल एंड कल्चरल हेरिटेज विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र भारत रायपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आईसीसीएस के कार्यप्रणाली पर परिचयात्मक वक्तव्य से हुई, जिसे आशीष पटेल, सचिव, आईसीसीएस रायपुर चैप्टर ने प्रस्तुत किया। समग्र रूप से इस कार्यक्रम ने भारत और विदेशों में आदिवासी संस्कृतियों के प्रति बढ़ते शैक्षणिक उत्साह और शोध-रुचि को सुदृढ़ किया। वहीं प्रथम प्रस्तुति के रूप में स्वतंत्र शोधकर्ता डॉ. निर्मला तिवारी ने वियतनाम की अपनी यात्रा के आधार पर वहां के बहुसांस्कृतिक, जीवंत और स्वागतपूर्ण सामाजिक परिवेश पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात कीर्ति नाहक, शोधार्थी, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एनआईटी रायपुर ने 'गोंड प्रतिरोध और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य' पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि किस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं, खासकर आदिवासी समुदायों के संदर्भ में। कार्यक्रम में प्रो. प्रीथी के. सुरेश (उपाध्यक्ष, आईसीसीएस रायपुर चैप्टर एवं प्रोफेसर, फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) के ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिए।

> अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र भारत रायपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में विशेषज्ञ व्याख्यान

### स्टूडेंट्स व प्रोफेसर की रही भागीदारी

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अनूप कुमार तिवारी, डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी व डॉ. क्षिरोधा कुमार साहू (एनआईटी रायपुर) द्वारा किया गया। डॉ. अनुज शुक्ला, डॉ. सुधाकर पांडेय, डॉ. अनिल मांझी सहित विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों के अनेक संकाय सदस्य, एचएसएस एवं अन्य विभागों के पीएचडी शोधार्थी, एनआईटी रायपुर और विभिन्न विश्वविद्यालयों के बी.टेक छात्र बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल की शो में उमड़ी भीड़

# दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड के मजेदार किस्से और चुटकुलों की लाइव कॉमेडी से दर्शक हुए लोटपोट

शाम 7 बजकर 40 मिनट पर एंट्री के साथ ही चुटकुलों का सिलसिला शुरू हुआ, जो करीब 80 मिनट तक चलता रहा। शानदार अंदाज में एंट्री करते ही मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने ऑडियंस का ध्यान खींच लिया। शुरुआत में वे घूमते हुए ही दर्शकों पर लाइव चुटकुले बनाते दिखे और खूब तालियां बटोरीं। "अरे जल्दी चलो बहन! आप सब अजीब-सी लग रही हो। आप क्यों पर्स टांग के खड़ी हुई हो? ये सब ब्लैक सूट वाली महिलाएं वकील की तरह क्यों भटक रही हैं? बैठ जाओ यार अभी-अभी मैं अमिताभ बच्चन से मिलकर आया हूं, मूड बहुत अच्छा है।" इस लाइन के साथ ही ऑडिटोरियम में मौजूद 1500 दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

**रायपुर।** "शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डिवास की ओर से लाइव स्टैंडअप कॉमेडी शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं के बीच मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने शिरकत की। शो के दौरान उन्होंने अपनी दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड के साथ बिताए कई मजेदार किस्से दर्शकों के बीच साझा किए। शुरुआती दिनों से लेकर ब्रेकअप तक की कई बातों को हल्के-फुल्के अंदाज में बताते हुए उन्होंने ऑडियंस को खूब हंसाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हर्ष गुजराल लगातार ऑडियंस के साथ जुड़ते नजर आए। उन्होंने कई दर्शकों से उनका नाम पूछा और हर उम्र के लोगों को मौके और स्थिति के हिसाब से लाइव जोक्स भी सुनाए। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।"



### मैं पंजाबी और मेरी गर्लफ्रेंड बंगाली

शो के दौरान हर्ष गुजराल ने अपनी रिलेशनशिप से जुड़े कई मजेदार अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा, "मैं पंजाबी हूं और मेरी गर्लफ्रेंड बंगाली। हमारी सोच कभी एक जैसी नहीं मिली। वे पढ़ाई के लिए यूपी से दिल्ली गए, जहां उनकी मुलाकात एक छोटी हाइट वाली गर्लफ्रेंड से हुई। जिसका नाम गुड्डी था। हंसते हुए उन्होंने कहा, वो छोटी-छोटी बीमारियों को भी इंग्लिश में बोलती थी और मुझे इंग्लिश बिल्कुल समझ नहीं आती थी। हम लड़के रंगबिरंगे बिल्ले होते हैं, जबकि लड़कियां हाईजिन मेंटेन करती हैं। रिलेशनशिप में सबसे जरूरी है कि आपको एक-दूसरे की शक्ल और आवाज़ अच्छी लगनी चाहिए।





### मां के अलावा कोई किसी के लिए अपनी जान नहीं देता

कोई किसी के लिए नहीं जान नहीं देता, केवल हम सभी की मां ही है, जो बच्चों के लिए खुशी-खुशी अपना जान भी दे सकती है। मेरी गर्लफ्रेंड को ब्रेकअप के तीन दिन बाद गोलगप्पे खाती दिखी, जो बोल रही थी, भईया, थोड़ा तीखा बनाना। मैं सोचने लगा, ये कैसा मरना होता है, चटपटा।

### मेरी मां बहुत लालची है, झगड़ा करके नए घर पर अपना नाम लिखवाया

शो के दौरान हर्ष गुजराल ने अपने घर-परिवार से जुड़े कई मजेदार किस्से सुनाए। उन्होंने बताया, "मेरी मां बहुत लालची हैं, हम पहले किराए के मकान में रहते थे, लेकिन मैंने कॉमेडी शो करके अपना घर बनाया। उसका नाम 'सविता निवास' रखा गया है। मैं यह नाम नहीं रखना चाहता था, पर मेरी मां ने मुझसे लड़ाई करके यह नाम लिखवाया। फिर कहती हैं, मेरा बेटा कितना प्यारा है।" उनके इन घरेलू किस्सों पर ऑडियंस ठहाके लगाती रही। कहा, "मैंने अपने पापा को एक लाख का आई-फोन गिफ्ट किया है। अब वे रोज रात को उसे ओरिजिनल डिब्बे में पैक करके ही सोते हैं कि कहीं फोन को कुछ हो न जाए... बताओ भाई!"

### रिलेशनशिप के लिए दिए टिप्स

लाइव शो के दौरान ऑडियंस से इंटरेक्ट करते हुए हर्ष गुजराल ने बेहतर रिलेशनशिप के लिए टिप्स पूछे। इसी दौरान लगभग 17 साल के युवा ने मजाक में कहा, दहेज ले लो। इस पर हर्ष ने तुरंत चुटकुले के अंदाज में जवाब दिया, नहीं! दहेज लेना बहुत बुरी बात है। ये नहीं करना चाहिए, तुम पहले अपना बोर्नविटा खत्म करके आओ..फिर दहेज लेने की बात करना।

We Care Today... Tomorrow... for Life

वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED

उपलब्ध सुविधाएं...

- ट्रॉमा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
- एडवांस आर्थोपेडिक विभाग
- घुटना, कूल्हा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी
- न्यूरोलॉजी विभाग
- यूरोलॉजी एवं स्टोन क्लीनिक
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल मेडिसीन
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- श्वास एवं छाती रोग
- मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग
- आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर
- डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

उन्नत तकनीक से श्रेष्ठ उपचार
दिलाए आपको सेहत का उपहार...



कोल इंडिया लिमिटेड (SECL), केंद्र सरकार (CGHS), FCI, DRDO, ONGC, CSPDCL, आर्म्ड फोर्स (CAPF, CRPF इत्यादि) के कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त के CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध।

सभी प्रमुख बीमा कंपनियों एवं TPA से CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध

गोपबंधु जन आरोग्य योजना (GJAY) ओड़िशा

राज्य सरकार के कर्मचारियों के ईलाज के लिए मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

*T&C APPLY

जी.टी.बी. प्लॉजा, एयरटेल ऑफिस के पास, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
Emergency No. : +91 91091 78901 | 0771 - 4024901
Web. : www.wecarehospitalraipur.com | Emial : wecarehospitals@gmail.com

ADITYA ADVT.

## सिटी लाइव

# 'निठल्ले की डायरी' ने गुदगुदाया 'किस्सा-ए-बड़के दा' ने दी सीख





**रायपुर।** राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह के नाटकों की श्रृंखला में शनिवार को रंग मंदिर के मंच पर निठल्ले की डायरी और किस्सा-ए-बड़के दा का नाट्य मंचन किया गया। छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट्स सोसायटी के इस नाट्य समारोह के चौथे दिन शाम 7 बजे विवेचना रंगमंडल जबलपुर द्वारा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी नवीन चौबे के निर्देशन में 'निठल्ले की डायरी' नाटक पेश किया गया। वहीं रात 8 बजे वरिष्ठ पत्रकार व रंगकर्मी स्व. अरुण पांडेय की जीवन यात्रा पर नाटक 'किस्सा-ए-बड़के दा' का मंचन हुआ। निठल्ले की डायरी हरिशंकर परसाई द्वारा व्यंग्य निबंधों का एक संग्रह है, जिसे निर्देशक ने बड़ी ही संजीदगी के साथ हास्य व व्यंग्य का पुट लिए हुए रंगमंच पर उतारा। सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों पर आधारित नाटक निठल्ले की डायरी में व्यंग्य के माध्यम से आम आदमी के जीवन से जुड़े विषयों, जैसे राजनीति, भ्रष्टाचार और आडंबर पर तीखे कटाक्ष किए गए। सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशक नवीन चौबे इस नाटक अभिनय को पिछले 29 वर्षों से करते आ रहे हैं।

### जीवन के कुछ किस्सों को मंच पर उतारा

वहीं 'किस्सा-ए-बड़के दा' अरुण पांडेयजी को समर्पित एक ऐसी प्रस्तुति है, जो भागदौड़ भरे इस दौर में एक ऐसे शख्स को केंद्रित करती है, जो इतना आदर्शवादी है कि जिसके आदर्शों को कोई भी पसंद नहीं करता। एक बड़ा भाई जो समाज से इतना अलग, जिसने शादी नहीं की, जिसने सरकारी नौकरी तो की, लेकिन अपने आदर्शों के चलते उससे कभी समझौता नहीं किया, जिसने रंगमंच पर अपनी छाप ऐसी छोड़ी कि उनके जाने के बाद भी रंगमंच उन्हें कभी भूल नहीं पाएगा। इस कहानी में स्व. अरुण पांडेय के छोटे भाई विवेक पांडेय ने अपने भाई को याद करते हुए उनके जीवन के कुछ किस्सों को पर मंच पर साझा किया।

## मैग्नेटो मॉल में बच्चों का टैलेंट शो आज

रायपुर। मैग्नेटो मॉल में स्वरांगन म्यूजिक एंड आर्ट अकादमी एंड इवेंट्स द्वारा 16 नवंबर को 'बच्चों का टैलेंट शो' आयोजित किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। अकादमी की अध्यक्ष विद्या यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 3 से 18 साल तक के बच्चे अपना हुनर दिखाएंगे। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का केंद्र बनेगा, बल्कि बच्चों की स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, फायरलेस मास्टर शेफ, फैंसी ड्रेस, रैंप वॉक, डांसिंग, सिंगिंग और इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हैं। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी भेंट की जाएंगी।

## टीलों और खाईयों पर कारों के हैरतअंगेज स्टंट का रोमांच



रायपुर। सेरीखेड़ी में शनिवार को हुए कार स्टंट शो में जब नए मॉडल्स की गाड़ियां उबड़-खाबड़ ट्रैक पर उतरीं तो वहां मौजूद हर कोई हैरान रह गया। एक कार जब ऊंचाई पर चढ़कर रुकी तो उसके पिछले पहिए हवा में झूलने लगे। देखने वालों को लगा कि गाड़ी गिर सकती है, लेकिन ड्राइवर ने समझदारी से संतुलन बनाते हुए कार को सुरक्षित आगे बढ़ाया। शो के दौरान ड्राइवर ने बताया कि ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय गाड़ी के बैलेंस को नियंत्रित रखना जरूरी होता है। इस प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को नए मॉडल की तकनीकी खूबियों और सुरक्षा फीचर्स की जानकारी भी दी गई। नए मॉडल्स ने 30 डिग्री तक के ढलान पर बेहतरीन संतुलन दिखाया, जबकि कुछ गाड़ियों ने 40 डिग्री की ऊंची चढ़ाई को भी आसानी से पार कर दिखाया कि तकनीक और ड्राइविंग स्किल्स का सही मेल क्या कमाल कर सकता है।





● हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट्स के लिए एक्सपर्ट ने साझा किए स्टडी आइडियाज

# स्टूडेंट्स सिलेबस की फ्लो चार्ट बनाकर परीक्षा की करें तैयारी, जिस सब्जेक्ट में पकड़ कम, उसे दें ज्यादा समय

हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट्स एग्जाम की तैयारी में जुटे हुए हैं। विद्यार्थी स्कूल की कक्षाओं के अलावा ट्यूशन, सेल्फ स्टडी से परीक्षा में सफल होने पढ़ाई कर रहे हैं। गौरतलब है कि फरवरी व मार्च में बोर्ड परीक्षाएं होती हैं। अब से करीब दो से ढाई महीने एग्जाम को रह गए हैं, ऐसे में परीक्षा के समय प्रेशर से बचने और बेहतर रिजल्ट हासिल करने फ्लो चार्ट बनाकर पढ़ाई करना स्टूडेंट्स के लिए एक बेहतर स्टडी प्लान साबित हो सकता है। इसकी शुरुआत सबसे पहले सभी सब्जेक्ट्स के सिलेबस इकट्ठे करने से करें। इसके बाद कठिन व मध्यम सिलेबस को लाल-हरे रंग की पेन से मार्क कर लें।



### सफलता का मंत्र- निरंतर अभ्यास

शिक्षाविदों का कहना है कि कमजोर विषयों में सफलता का मंत्र निरंतर अभ्यास होता है। हर दिन थोड़ा-थोड़ा अभ्यास करें, बजाय इसके कि एक दिन में बहुत ज़्यादा पढ़ें। छोटे लक्ष्य निर्धारित करें और कमजोर विषय के लिए छोटे, प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित करें। एक अध्याय पूरा करने के बाद अपनी सफलता का जश्न मनाएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। नियमित अंतराल पर पहले से पढ़े हुए कठिन अध्यायों को दोहराएं, ताकि वे आपकी स्मृति में बने रहें। इस फ्लो चार्ट और रणनीति का उपयोग करके, स्टूडेंट्स अपने समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर सकते हैं।



**रायपुर।** इन सब्जेक्ट को पढ़ने 24 घंटे में तीन पार्ट में 3 से 4 घंटे दैनिक स्टडी टाइम के अनुरूप निर्धारित कर लें। इससे परीक्षा की तैयारी भी समय पर पूरी हो जाएगी और प्रेशर जैसी कोई भी चीज दिमाग में नहीं रहेगी। यह कहना है शिक्षाविद संजीव सूर्यवंशी का। उन्होंने स्टूडेंट्स के लिए आगामी बोर्ड परीक्षा में बिना किसी मानसिक दबाव के बेहतर परीणाम हासिल करने का तरीका साझा किया। उन्होंने बताया कि फ्लो चार्ट का पालन करते हुए कमजोर विषयों पर ध्यान केंद्रित करें। सबसे पहले यह पहचानें कि आपकी पकड़ किन विषयों या अध्यायों पर कम है। इसके लिए पिछले टेस्ट या अभ्यास प्रश्नों का विश्लेषण करें। अपने अध्ययन समय को विभाजित करें। उदाहरण के लिए, यदि आप रोज़ 4 घंटे पढ़ते हैं, तो 2 घंटे सबसे कमजोर विषय को दें, 1 घंटे मध्यम विषय को और 1 घंटे मजबूत विषय के अभ्यास को दें। कमजोर विषय में, सीधे मुश्किल सवालों पर न जाएं। पहले मूल अवधारणाओं और बुनियादी बातों को समझने में समय दें। यदि ज़रूरत हो तो शिक्षक की मदद लें, ताकि उस विषय की समझ बेहतर हो सके।

### सिलेबस को रटने के बजाय समझें

शिक्षाविद देवश्री गोयल का कहना है कि स्टूडेंट्स को चाहिए कि वह सिलेबस को रटने के बजाय समझकर पढ़ें। रोजाना स्कूल की कक्षाएं अटेंड करें और कठिन सब्जेक्ट को क्लास टीचर्स से समझें। वीकली टेस्ट, प्री बोर्ड एग्जाम से मिले प्रशनों को सूचीबद्ध करें। सिलेबस पढ़ाई के साथ-साथ खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा रखने डाइट पर ध्यान और माइंड रिफ्रेशमेंट के तौर पर अपनी हॉबी व क्रिएटिव एक्टिविटी को रोजाना प्राथमिकता से करें। इससे निश्चित ही स्टूडेंट्स समय पर अपने सब्जेक्ट की तैयारी पूरी कर पाएंगे और बेहतर परीक्षा परीक्षा हासिल कर सकेंगे।

